## न्यूज ब्रीफ

### विवाहिता को घर से निकाला

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना अमरिया क्षेत्र के ग्राम जिठनिया निवासी ओमश्री ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पूर्व बरेली के थाना शाही क्षेत्र के ग्राम धनेली गौटिया निवासी बाबूराम के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग पति बाबूराम, सास जावित्री देवी, ननद आशा देवी, छोटी देवी ने अतिरिक्ति दहेज के रूप में एक लाख रुपये और अन्य सामान की मांग करने लगे। अतिरिक्त दहेज नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट करने लगे। 12 अप्रैल को ससुराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी को अगवा करने की रिपोर्ट

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक नवंबर 2025 को उसकी 16 वर्षीय पुत्री न्यूरिया क्षेत्र के ग्राम भमौरा में मेला देखने गई थी। उसी समय सुमित पुत्र शंकरलाल निवासी ग्राम गुलड़िया थाना बिहार जिला उन्नाव उसको बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया था। जिसका मुकदमा दर्ज करवाया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसकी पुत्री को बरामद कर उसकी सुपुर्दगी में दे दिया था। आरोप है कि इसके बाद भी सुमित उसकी पुत्री से लगातार बात करता रहा। 15 अप्रैल को आरोपी उसकी पुत्री को दोबारा से बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गाली गलौज के विरोध पर युवक को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम बालपुर पट्टी निवासी पूजा पत्नी रामकुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 25 अप्रैल को रात 10 बजे गांव के अरुण, रवि, विवेक, सोनम, राजपाल ने उसके पति के साथ गाली गलौज करना शुरू कर दिया। उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पति की पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। इस मामले में पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र स्थापित होगा

## सात एकड़ जमीन पर मोदीपुरम स्थित बीईडीएफ फार्म के मॉडल पर कराया जाएगा विकास

- **केंद्रीय मंत्री बोले- बांसुरी, बाघ जंगल के बाद अब बासमती से होगी पीलीभीत की पहचान**

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



लीज डीड हस्तांतरण के दौरान मौजूद केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद समेत अन्य जनप्रतिनिधि और एपीडा के अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) बासमती निर्यात विकास फाउंडेशन (बीईडीएफ) के तहत जिले की बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र टांडा विजेसी गांव में बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म स्थापित करेगा। इसका विकास मोदीपुरम स्थित बीईडीएफ फार्म के मॉडल पर कराया जाएगा। इसके वित्तपोषण और संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी एपीडा की होगी। इसे लेकर मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इससे आगामी समय में होने वाले लाभ भी बताए।

एक होटल में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद रहे। एपीडा के अधिकारियों ने इस केंद्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। महत्व बताते हुए कहा कि यह एपीडा के अंतर्गत देश का पहला जैविक प्रदर्शन फार्म है। बासमती पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूती देने की दिशा में प्रदेश में स्थापित यह दूसरी विशिष्ट सुविधा है। ये केंद्र खेती को टिकाऊ बनाने और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए बेहतर व्यवस्था तैयार करेगा। इससे वैश्विक बाजार में हमारे किसानों की पहुंच और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि कई ऐसा भी देखा जाता हे कि विकास से जुड़ी घोषणाएं हो जाती हैं, लेकिन धरातल पर काम नहीं होते। मगर, वह घोषणा वाले मंत्री नहीं बल्कि काम करने वाला मंत्री बनना चाहते हैं। कहा कि बासमती एवं जैविक प्रशिक्षण केंद्र सह प्रदर्शन फार्म के लिए इस कार्यक्रम के दौरान अब एपीडा को जमीन मिल गई है। करीब सात एकड़ में इसका निर्माण होगा। अभी तक पीलीभीत बांसुरी, जंगल, यहां के बाघों को लेकर पहचान बना रहा लेकिन अब आगे बासमती के लिए पीलीभीत का नाम जाना जाएगा। इसमें तमाम तरह की सुविधाएं होगी। उन्होंने एपीडा के अधिकारियों से कहा कि वर्ल्ड क्लास ऑडोटोरियम की व्यवस्था हो, वह भी आधुनिक सुविधाओं के साथ। एक साल के भीतर इसका निर्माण पूरा करने के लिए कहा गया। इसमें जैविक उत्पाद की बिक्री की भी व्यवस्था हो।

उन्होंने जैविक कृषि अपनाने के लिए किसानों को प्रेरित किया। ये केंद्र पूरे उत्तर भारत के लिए सफल साबित होगा। उन्होंने कहा कि किसान यहां की धरोहर है, पीलीभीत जनपद मॉडल बनेगा। पीलीभीत बासमती निर्यात केंद्र बनेगा और 100 से अधिक देशा में निर्यात होगा। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि ये केंद्र जनपद के लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित होगा। पूरे भारत के कृषि से संबंधित अधिकारी, वैज्ञानिक आयेंगे और रूप बदलेगा। किसान के जीवन में बदलाव आएगा। जैविक खेती को लेकर भी लाभ होगा। ये पीलीभीत के लिए पहचान है, देश में नाम होगा।

क्षेत्र में रोज़गार के अवसर भी सृजित होंगे। इसके अलावा एमएलसी सुधीर गुप्ता, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, नगर पालिकाध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल, मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह आदि भी शामिल हुए। एपीडा के चेयरमैन अभिषेक देव, डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, जनरन सचिव एरिया अजय भलोतिया, एडीडा सचिव डॉ.सुधांशु, भाजपा जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

### असम चौराहा से होगी फोरलेन सड़क

उन्होंने कहा कि पूरनपुर को गोमती उद्गम स्थल, शारदा का पुल मिला। बरखेड़ा को बासमती केंद्र और अब बीसलपुर की बारी है। बीसलपुर विधानसभा के लिए भी वह कुछ बड़ा सोच रहे हैं। इसके साथ ही सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए असम चौराहा से फोरलेन कराकर देंगे। इसके लिए प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जल्द ही जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी।

### अवंतीबाई लोधी के नाम पर होगा फार्म

केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने इस फार्म को लेकर एक और घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस फार्म का नाम वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के नाम पर हो। इसके लिए एपीडा के अधिकारियों को प्रक्रिया पूरी कराने के लिए कहा।

# राजनीतिक दबाव में किसान पर कराई रिपोर्ट, प्रशासन ले वापस

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **पूर्व राज्यमंत्री ने प्रेसवार्ता कर अमरिया थाने में डीजल के भंडारण पर हुई रिपोर्ट पर उठाए सवाल**



हेमराज वर्मा।

**अमृत विचारः** अमरिया क्षेत्र के एक गोदाम से डीजल का अवैध भंडारण पकड़े जाने के बाद की गई एफआईआर पर पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा ने सवाल खड़े कर दिए। इसे राजनीतिक द्वेष भावना के तहत सत्ता नेताओं के दबाव में प्रशासनिक स्तर से की गई कार्रवाई करार दिया। एफआईआर निरस्त करने की मांग को लेकर वह आज ज्ञापन देंगे और समाधान न हुआ तो आंदोलन करेंगे।

शहर के एक होटल में मंगलवार दोपहर पूर्व राज्यमंत्री हेमराज वर्मा ने प्रेसवार्ता की। पहले उन्होंने धान खरीद, गेहूं खरीद समेत अन्य मुद्दों पर किसान के उत्पीड़न की बात कही। बोले दुर्भाग्य है कि किसानों को गन्ने का भुगतान नहीं मिल पा रहा है, जबकि गन्ना मंत्री जिले से ही हैं। बजाज चीनी मिल की ओर से महज पंद्रह प्रतिशत भुगतान किया गया है। अभी बीते दिनों अमरिया थाने में ग्राम अंडरायन के निवासी ललित वर्मा पुत्र ओमप्रकाश के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। उनके गोदाम से 232 लीटर डीजल का अवैध भंडारण मिलने पर कार्रवाई का दावा किया गया है। यह राजनीतिक द्वेष भावना के तहत की गई कार्रवाई है।

कहा कि ललित वर्मा एक परिश्रमी किसान हैं, जो पिता एवं ठेके की लगभग 120 बीघा भूमि पर कृषि करते हैं। उनके पास ट्रैक्टर, पंपिंग सेट, डीजल चालित वाहन हैं, जिनके संचालन के लिए डीजल का उपयोग पूरी तरह सामान्य एवं आवश्यक है। आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के अंतर्गत दर्ज यह मुकदमा प्रथम दृष्टया तथ्यों के विपरीत एवं किसान विरोधी है।

परिस्थितियों से यह आशंका है कि यह कार्यवाही द्वेषभावना एवं राजनीतिक दबाव में की गई है। प्रशासन की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इस प्रकार किसानों को अनावश्यक रूप से प्रकरणों में फंसाया जाएगा, तो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

कहा कि इस तरह से तो अधिकांश किसान स्टॉक करते हैं, फिर क्या सभी पर मुकदमे दर्ज कर दिए जाएंगे। प्रशासन से निष्पक्ष जांच व ललित वर्मा पर दर्ज मुकदमे को तत्काल निरस्त करने की मांग की। बुधवार सुबह राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। न्याय न मिलने पर आंदोलन करेंगे।

# गन्ना सर्वे शुरू होने से पहले देनी होगी सूचना



प्रशिक्षण में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी। ● अमृत विचार

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** बीसलपुर सहकारी चीनी मिल लिमिटेड में मंगलवार को गन्ना सर्वेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य गन्ना अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि सभी गन्ना पर्यवेक्षक अपनी सर्किल का गन्ना सर्वे पूरी पारदर्शिता एवं सुचिता से करेंगे। इसकी सूचना सर्वे शुरू होने से पूर्व ग्राम प्रतिनिधियों एवं गन्ना कृषकों को देनी होगी। गन्ना सर्वे का कार्य हैंड हेल्ड (जीपीएस) से किया जायेगा। गन्ना सर्वे करते समय गन्ना किस्मों का अंकन अत्यंत सावधानी पूर्वक करना होगा।

जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम भार्गव ने कहा कि सर्वे से ही यह निर्धारित होता है कि किस किसान को कितनी पर्ची मिलेगी और कितना उसका सट्टा बनेगा।

# अंडर-14 क्रिकेट का ट्रायल सम्पन्न

**पीलीभीत, अमृत विचारः** एलएचएसएफ क्रिकेट ग्राउंड में पीलीभीत क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से अंडर-14 खिलाड़ियों का क्रिकेट ट्रायल किया गया। इसमें सिर्फ वहीं खिलाड़ी शामिल हुए, जिन्होंने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के पोर्टल पर पूर्व पंजीकरण कराया था। इसमें 32 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों की योग्यता के अनुसार बल्लेबाजी और गेंदबाजी का परीक्षण कराया गया। चयनित खिलाड़ियों को आगामी मंडल स्तरीय क्रिकेट ट्रायल के लिए भेजा जाएगा। संचालन एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी राजेश शर्मा, मोहित अग्रवाल, क्रिकेट कोच मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर राजेश कुमार गंगवार, आयुष कुमार आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आय, योग्यता के मेधावी और शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **कैंच स्कूल के छात्र अनुज कुमार को भेंट की साइकिल**



छात्र अनुज कुमार को सम्मानित करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में जिले का शत प्रतिशत परिणाम रहा। जिला टॉपर रहे कंपोजिट स्कूल कैच के छात्र अनुज कुमार को डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने रेंजर साइकिल, शॉल, पेन, डायरी देकर सम्मानित किया। जिन स्कूलों के तीन या तीन से अधिक छात्र-छात्राओं का परीक्षा में चयन हुआ। उन्हें भी डीएम, सीडीओ राजेंद्र श्रीवास, बीएसए रोशनी सिंह ने सम्मानित किया।

परीक्षा नियामक प्राधिकारी की ओर से प्रत्येक वर्ष राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा कराई जाती है। इसे उत्तीर्ण करने वाले कक्षा छह से 12 तक चयनित छात्र-छात्राओं को एक हजार रुपये प्रति महीने छात्रवृत्ति दी जाती है। जिले में 2018 से कराई जा रही परीक्षा के लिए 160 सीटें आवंटित है। जिसमें से 157 सीटों पर मेधावी छात्र-छात्राओं का चयन हुआ।

तीन सीटें अनुसूचित जाति, जनजाति के छात्र, छात्राओं के लिए थी जिस पर किसी ने आवेदन नहीं किया। बेहतर परिणाम को लेकर पिछले दिनों जिला समन्वयक राकेश पटेल सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाओं को लखनऊ शिक्षा निदेशालय में बुलाकर सम्मानित किया गया।

परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यालय जूनियर हाई स्कूल टाहपौटा के शिक्षक अजय कुमार, कंपोजिट स्कूल कैच के नवनीत पाल, कंपोजिट स्कूल बरहा की ममता गंगवार, कंपोजिट स्कूल ललौरी खेड़ा की मिथिलेश कुमारी, जूनियर हाई स्कूल कुंवरपुर के शिक्षक राकेश कुमार, कंपोजिट स्कूल भिलैइया गांवखेड़ा के श्यामलाल, जूनियर हाई स्कूल गाजना के नीरजपाल, एसआरजी वैभव जैसवार, खेमपाल सिंह, संतोष खरे समेत 14 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

# जन आक्रोश सम्मेलन के बाद निकाली पदयात्रा



जनआक्रोश पदयात्रा में मौजूद केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** लोकसभा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के खिलाफ कांग्रेस अन्य दलों द्वारा किए गए मतदान का विरोध भाजपाई कर रहे हैं। इसी क्रम में जन आक्रोश सम्मेलन और पदयात्रा का आयोजन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद रहे। जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने इसकी अध्यक्षता की।

गांधी प्रेक्षागृह में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जमा हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदन में नारी शक्ति के हित में बिल लेकर आए लेकिन विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों का विरोध किया है। आप सभी महिलाओं को अपने अधिकार की लड़ाई लड़नी है ,आज सरकार ने महिलाओं को रोजगार देने का कार्य किया है।

उन्होंने सरकार की महिलाओं के लिए की संचालित योजनाओं की जानकारी दी। पूर्व जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने से महिलाएं देश के विकास में और तीव्र गति से सहभागी बनती मगर विपक्ष ने महिलाओं के साथ छल किया और इस बिल को सदन में पास नहीं होने दिया। इस मौके पर बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष लेखराज भारती, रेखा सिंह परिहार, ब्लॉक प्रमुख सभ्यता देवी वर्मा, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल, अभिमन्यु गंगवार, जिला मंत्री ऋचा पटेल आदि रहे।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अखिल भारत हिंदू महासभा ने गो-माता को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर एसडीएम नागेंद्र पांडेय को ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ता तहसील परिसर में एकत्र हुए। उन्होंने बढ़ती गोहत्या की घटनाओं पर रोक लगाने और गोमाता को राष्ट्र माता घोषित किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। इस मौके पर अध्यक्ष सुनील अवस्थी महामंत्री महंत अवनीश रतन, बृजेश कुमार, अनूप शर्मा, कवि,प्रतीक ठाकरे, योगेन्द्र, शिवम, अबधेश मिश्रा, मुकेश मिश्रा, मनीष कुमार, दीपक मौर्य, महंत मुकेश गोस्वामी आदि मौजूद रहे।



एसडीएम को ज्ञापन देने पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भाजपा उपाध्यक्ष को किया सम्मानित



भाजपा उपाध्यक्ष विकास श्रीवास्तव को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा की ओर से शहर के एक होटल में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों की विभूतियों को सम्मानित किया गया। बीसलपुर से सिद्धार्थ सक्सेना को नायब तहसीलदार बनने पर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सम्मान पत्र दिया।

विकास श्रीवास्तव को भाजपा का जिला उपाध्यक्ष बनने, नितिन सक्सेना को नामित सभासद, डॉ. अनुरीता सक्सेना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष वेद प्रकाश सक्सेना रहे। मंडल अध्यक्ष शिरीष सक्सेना, कोषाध्यक्ष विमलसेन, जिला उपाध्यक्ष मोहित सक्सेना का जिला महासचिव मनोज भटनागर, अभय सक्सेना, डॉ. अनिल सक्सेना, जिलाध्यक्ष जगदीश सक्सेना आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **जागरूकता शिविर में विभागीय योजनाओं की जानकारी की साझा**

**अमृत विचारः** ग्रामीण अंचलों में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हब फॉर वूमेन एंपावरमेंट की टीम ने महिलाओं को विभाग की विभिन्न योजनाओं से रूबरू कराया।

ललौरीखेड़ा ब्लाक की ग्राम पंचायत अमरगंज में मंगलवार को जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जेंडर स्पेशलिस्ट अजीत सिंह ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की जानकारी देते हुए कहा कि बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण योजना है। कार्यक्रम में पात्र लाभार्थियों को ऑनलाइन आवेदन करने की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। इसके अलावा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन और स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में भी जानकारियां साझा की गईं। टीम ने सखी वन स्टॉप सेंटर की उपयोगिता बताते हुए घरेलू हिंसा या अन्य समस्याओं से पीड़ित महिलाओं को मिलने वाली विधिक व मानसिक सहायता के बारे में जागरूक किया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शहीदन सहित तमाम महिलाएं मौजूद रहीं।

# सम्मानित किए गए संस्कृत महाविद्यालय के मेधावी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** श्रीदुग्धेश्वर संस्कृत महाविद्यालय में मंगलवार को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत मां सरस्वती के चित्र के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से की गई। राम इंटर कॉलेज की संस्कृत प्रवक्ता ऋतु और विद्यालय के पूर्व साहित्य अध्यापक वेद प्रकाश शुक्ला बतौर अतिथि शामिल हुए।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. तोहत्तर पाल ने बताया कि इस वर्ष कक्षा दस, ग्यारह और बारह में कुल दस छात्रों ने परीक्षा दी थी जिसमें से आठ विद्यार्थी प्रथम श्रेणी व दो विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। कक्षा बारह के छात्र गौरव कुमार ने जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्री पंचम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थियों ने विशेष योग्यता प्राप्त की। ममता रानी ने 83.67, रेखा रानी ने 83, शिवा मिश्रा ने 79.5, कार्तिकेय ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।



कार्यक्रम के दौरान सम्मानित किए गए विद्यार्थी व अतिथि। ● अमृत विचार

आचार्य तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुमंगला गंगवार ने 73.5, रामानुज अवस्थी ने 65.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। आचार्य प्रथम सेमेस्टर के छात्र अभिषेक मिश्रा ने 75.75, रविकान्त ने 71.75, धर्मेन्द्र कुमार ने 64.50, सोनी देवी ने 71.50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबन्धक डॉ. अमित कुमार सक्सेना ने कक्षा बारह में जनपद में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थी गौरव कुमार को सम्मानित किया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक दिया गया। बताते हैं कि विभिन्न संस्कृत प्रतियोगिताओं में अब तक गौरव कुमार 50 प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके हैं।

- **प्राचार्य बोले: प्रतिदिन स्कूल आने वालों को मिलेगी छात्रवृत्ति**

इस मौके पर गौरव कुमार, सोनी देवी, हरियाली देवी, मोहन चन्द्र भट्ट, रामानुज अवस्थी, अभिषेक मिश्रा, रितेश मिश्रा, रविकान्त, राधे शर्मा, परी जौहरी आदि थे। प्रभारी प्राचार्य ने घोषणा करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी प्रतिदिन विद्यालय आएंगे उन्हें तीस हजार रुपये वार्षिक छात्रवृत्ति भी मिलेगी, पुस्तकालय से पुस्तकें भी उपलब्ध करायी जाएंगी और जो विद्यार्थी छात्रावास में रहना चाहते हैं उनके रहने की व्यवस्था निःशुल्क होगी।

# समाजसेवी अमृतलाल को पदमश्री अवार्ड देने की सिफारिश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहर के रहने वाले समाजसेवी /निशक्तजन सेवा संस्थान के अध्यक्ष अमृत लाल को पदमश्री अवार्ड 2027 देने की सिफारिश जिले के चार में से तीन भाजपा विधायकों ने की है। पदम पुरस्कार चयन समिति भारत सरकार नई दिल्ली को तीनों विधायकों ने पत्र लिखे हैं।



पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान ने भेजे गए पत्र में लिखा कि करीब डेढ़ दशक से अमृत लाल के कार्यों के वह प्रत्यक्षदर्शी हैं। इसी के नाते वह उनके योगदान से संबंधित कुछ बिंदु शामिल किए। कहा कि अमृतलाल दो दशकों से दिव्यागजनों के सशक्तिकरण के लिए निस्वार्थ भाव से समर्पित हैं। निशुल्क सेवा उनके स्थान द्वारा दी जा रही है। कृतिम हाथ -पांव, व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, कान की मशीनें, दिन में छेद वालों का निशुल्क इलाज और ऑपरेशन कराए गए हैं। प्रत्येक माह शिविर लगाकर मरीजों को लाभांवित किया जाता है। ये भी जिक्र किया कि उनका नाम 2023 में तत्कालीन डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा भी अनुशांसित किया गया था। बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए पत्र लिखा। जिसमें ये कहा कि वह खुद स्वास्थ्य शिविर में पहुंचते हैं और इनके कार्यों को देखा है। इसी तरह से बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने भी पदम पुरस्कार चयन समिति को पत्र लिखते हुए अमृत लान को पदमश्री प्रान किए जाने की अनुशंसा की है।

## शहर में आज

- ललौरीखेड़ा ब्लॉक परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग का शिविर सुबह 10 बजे।
- पुलिस लाइन समेत चार स्थानों पर परिवार परामर्श केंद्र शिविर सुबह 10 बजे से।
- मिशन शक्ति अभियान के तहत पंपलेट वितरण सुबह 09 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### रंजिश के चलते ग्रामीण को पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार :** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अप्रैल उसकी 17 वर्षीय वहन को नौगवां पकडिया निवासी अमित राठौर बहलाकर भगा ले गया था। उसके खिलाफ थाना सुनगढी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर उसकी बहन को बरामद कर लिया था। आरोप है कि इस रंजिश को लेकर 27 अप्रैल को शाम के समय आरोपी अमित राठौर, वीरू और उनके पिता ओमकार ने उसके साथ वेवजह गालीगलौज करना शुरू कर दी। विरोध करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### ग्रामीण पर किया हमला रिपोर्ट दर्ज

**बिलसंडा, अमृत विचार :** थाना करेली क्षेत्र के गांव बमरोली निवासी रवि मिश्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 26 अप्रैल की रात नौ बजे वह अपने घर पर थे। घर के बाहर शोर सुनाई दिया तो दरवाजा खोलने गए। इस दौरान गांव कर धनपाल, रामसरन व दो अज्ञात लोगों ने हमला कर पिटाई कर दी। भाई राजीव मिश्रा व पड़ोसी विकास अवस्थी आए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। एसओ विपिन शुक्ला ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की है।

### छत से कपड़े उतारने गई युवती गिरकर घायल

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** कस्बा निवासी प्रतिपाल सिंह उर्फ राजा ने बताया कि वह थाना क्षेत्र के गांव मुड़िया हुलास के मूल निवासी हैं। उसके परिवार के लोग गांव में रह रहे हैं। चाचा श्रीपाल की पुत्री ज्योति 22 वर्षीय मंगलवार शाम मकान की छत पर सूखे रहे कपड़ों को उतारने गई थी। उसी दौरान बंदर उसके ऊपर दौड़ पड़े। तभी वह बंदरों के हमले से बचने के लिए भागी और गिर गई। उसके दाहिने पैर में फ्रैक्चर हो गया। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### हादसे में मां-बेटा घायल

**बीसलपुर, अमृत विचार :** खुदागंज मार्ग पर मंगलवार दोपहर ग्राम उगनपुर मरौरी के पास बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में बाइक चालक शाहजहांपुर जनपद के कस्बा खुदागंज के मोहल्ला रामबाग के निवासी विशाल गुप्ता पुत्र मनोज कुमार और उनकी मां सुधा गुप्ता घायल हो गए। वह अपनी मौसेरी बहन की शादी में ग्राम रामनगर बाइक से जा रहे थे। सीएचसी से प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### युवती से दुष्कर्म, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** युवती से दुष्कर्म करने के आरोप में पुलिस ने कार्रवाई की है। क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 अप्रैल की रात 12 बजे वह घर की छत पर मढईया में सो रही थी। इसी दौरान पड़ोस का युवक आ गया। उसने जबरन डरा धमकाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# डाटा नहीं होगा चोरी, घर-घर गिनती, सर्वर पर रहेगी जानकारी

## जनगणना 2027 की तैयारी में जुटे अधिकारी, मोबाइल में सेव नहीं की जाएगी जानकारी, डाटा लीक होने से बचाने में काम करेगा सिस्टम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** जिले में जनगणना-2027 को इस बार पूरी तरह डिजिटल और सुरक्षित बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव किया गया है। अब घर-घर जुटाई जाने वाली जानकारी मोबाइल में सेव नहीं होगी, बल्कि एन्क्रिप्ट होकर सीधे सरकारी सर्वर पर पहुंच जाएगी। इससे डाटा चोरी, साइबर ठगी और निजी जानकारी के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगेगी, वहीं कार्य की पारदर्शिता और निगरानी भी मजबूत होगी।

पीलीभीत में जनगणना-2027 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले को 15 चार्ज में विभाजित किया गया है। सीएमएसएस पोर्टल पर 4116 प्रगणकों और 688 सुपरवाइजरों की ड्यूटी लगाई गई है, जिनमें 10 प्रतिशत कर्मचारी रिजर्व रखे गए हैं। कंट्रोल रूम स्तर पर यह भी ऑनलाइन देखा जा सकेगा कि किस कर्मचारी ने कितने घरों का सर्वे किया, कितनी प्रविष्टियां लंबित हैं और कौन सा क्षेत्र बाकी है।



नगर पालिका का भवन। ● अमृत विचार

जनगणना दो चरणो में कराई जाएगी। पहले चरण में मकानों की सूची, भवन की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जुटाया जाएगा। दूसरे चरण में परिवार के सदस्यों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक-आर्थिक स्थिति की जानकारी ली जाएगी। इस बार जनगणना डिजिटिलकरण से जोड़ा गया है।

जनगणना को इस बार पूरी तरह डिजिटल ढांचे में तैयार किया गया है। सबसे बड़ा बदलाव यह है कि घर-घर जाकर जुटाई जाने वाली जानकारी किसी भी गणनाकर्मी या सुपरवाइजर के मोबाइल में सेव नहीं रहेगी। डाटा दर्ज होने के बाद सीधे सुरक्षित सरकारी सर्वर तक पहुंच जाएगा। इसका मकसद साइबर अपराध, मोबाइल चोरी, हैकिंग और निजी जानकारी के दुरुपयोग के खतरे को कम करना है।



इस बार जनगणना को डिजिटल किया जा रहा है। प्रगणकों को इसी को ध्यान में रखते हुए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस बार प्रगणकों के मोबाइल पर डेटा फीड करते ही वह नेटवर्क के जरिए सीधे सर्वर पर भेज दिया जाएगा। इससे डेटा चोरी और अन्य समस्या की संभावना नहीं रहेगी। यह जनगणना कल्याणकारी योजना और निर्वाचन के परिसिमन को लेकर कराई जा रही है। मॉनीटरिंग भी हो रही है। इस बार स्वयं ही एलएचओ के द्वारा स्वयं भी अपना विवरण अपलोड कर सकते हैं।

– ज्ञानेंद्र सिंह, डीएम

डीएम ज्ञानेंद्र सिंह के अनुसार जनगणना में पहली बार ऐसा सिस्टम तैयार किया गया है, जिसमें मोबाइल फोन केवल डाटा एंट्री का माध्यम होगा, उसमें स्थायी स्टोरेज नहीं रहेगा। यानी कर्मचारी जैसे ही किसी परिवार का विवरण एप में भरेंगे, नेटवर्क उपलब्ध होने पर जानकारी एन्क्रिप्ट होकर सर्वर पर भेज दी जाएगी। इसके बाद मोबाइल पर उसकी कॉपी नहीं रहेगी।

पूर्व में कई जिलों में कुछ वर्षों में डाटा चोरी और साइबर ठगी के मामलों में बढ़ोतरी के बाद सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता दी गई। इसी कारण नो लोकल स्टोरेज व्यवस्था अपनाई है, ताकि किसी उपकरण के गुम होने या गलत हाथों में जाने पर नागरिकों की निजी जानकारी तक पहुंच न बन सके।

### प्रतिदिन देनी होगी 20 परिवारों की जानकारी

जनगणना के पहले चरण में मकानों की सूची, भवन की स्थिति और बुनियादी सुविधाओं का विवरण जुटाया जाएगा। दूसरे चरण में परिवार के सदस्यों, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक व आर्थिक स्थिति समेत अन्य निर्धारित सूचनाएं ली जाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रत्येक जनगणना कर्मी को औसतन 200 परिवारों का दायित्व सौंपा है। उन्हें रोजाना करीब 20 परिवारों की एंट्री का लक्ष्य बताया गया है। इसके लिए मोबाइल एप संचालन, पहचान सत्यापन, लोकेशन टैगिंग और डेटा अपलोड की प्रक्रिया समझाई जा रही है। इस प्रक्रिया के दौरान किस कर्मचारी ने कितने घरों का सर्वे किया, कितनी प्रविष्टियां लंबित हैं और कौन सा क्षेत्र बाकी है, इसकी जानकारी कंट्रोल रूम स्तर पर ऑनलाइन देखी जा सकेगी। इससे काम की गति पर नजर रखने के साथ त्रुटियों को तुरंत सुधारा जा सकेगा।

### प्रगणक के बिना भी अपलोड कर सकेंगे जानकारी

इस बार जनगणना में बदलाव किया गया है। इसके तहत अब लोगों को प्रगणक के आने का इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि वे स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर अपना डेटा फीड कर सकेंगे। स्व जनगणना का कार्य 07 मई से 21 मई के बीच चलेगा। यदि परिवार के सदस्य चाहे तो वे आधिकारिक पोर्टल https://se.census.gov.in पर अपना विवरण दर्ज कर सकते हैं। इसके बाद मकान गणना का कार्य किया जाएगा, जो 22 मई से शुरू होकर 20 जून तक चलेगा। इस दौरान पोर्टल पर डेटा सबमिट करने के बाद प्रत्येक परिवार को 11 अंकों की एक विशिष्ट स्व-गणना आईडी (एसई आईडी) प्राप्त होगी, जो अंग्रेजी के एच अक्षर से शुरू होगी। यह आईडी एसएमएस और ईमेल के जरिए भेजी जाएगी। जब प्रगणक घर का दौरा करेंगे, तब यह आईडी उन्हें दिखानी होगी, जिसे वे एचएलओ मोबाइल ऐप के माध्यम से सत्यापित करेंगे।

# जमीन के रुपये मांगने पर युवक को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव गाजीपुर कुंडा के निवासी धर्मपाल वर्मा पुत्र चोखेलाल ने बताया कि वह वर्तमान में कस्बे में रहते हैं। उसका व बड़े भाई ठाकुरदास का चार बीघा खेत है। खेत करीब दो वर्ष पूर्व गांव के ओमपाल पुत्र बुद्धसेन को ठेके पर दिया था।


घायल धर्मपाल।

आरोप है कि अब तक ठेके पर दी गई जमीन के रुपये नहीं दिए। मंगलवार को वह गांव गए थे। इस दौरान ओमपाल अपने तीन अन्य साथियों के साथ निकल रहा था। रुपये मांगे गए तो उसने हमला कर दिया। पुलिस घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर जांच कर रही है।

### महिला से मारपीट दंपती और पुत्री पर एफआइआर

**बीसलपुर, अमृत विचार :** मकान के सामने भूसा डालने का विरोध करने पर एक महिला की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने दंपती और उसकी पुत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद निवासी नत्थो देवी पत्नी स्वर्गीय प्रेमपाल ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 16 अप्रैल की सुबह 10 बजे उसके पड़ोसी शिशुपाल, पत्नी सुनीता और पुत्री नियाशा के साथ नत्थो देवी के घर के सामने भूसा डाल रहे थे। भूसा डालने से मना करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। शिशुपाल ने नत्थो का मोबाइल भी तोड़ दिया। पुलिस ने शिशुपाल, उसकी पत्नी सुनीता और बेटी नियाशा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## भाई की हत्या का आरोप कार्रवाई की मांग

**बीसलपुर, अमृत विचार:** चार दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में छात्र की मौत के मामले में हत्या का आरोप लगा है। भाई ने सीओ से शिकायती पत्र देकर हत्या का आरोप लगाकर कार्रवाई की मांग की है।

24 अप्रैल को गांव अमरा करोड़ के खेत में खड़े यूकेलिप्टस के पेड़ पर छात्र अनुज शर्मा का शव फंदे से लटका मिला था। कोतवाली क्षेत्र के गांव मुंसेली निवासी मृतक के भाई शिवम शर्मा ने मंगलवार को सीओ को तहरीर दी। जिसमें बताया कि उसका भाई अनुज 23 अप्रैल को घर से कोचिंग पढ़ने आया था। सीसीटीवी में वह जाते हुए दिखाई दिया लेकिन आते नहीं दिखा। भाई जूता मोजा पहने था फिर कैसे यूकेलिप्टस के पेड़ पर चढ़कर अपनी ही शर्ट से फंदा बनाकर लटक गया। साजिश के तहत हत्या कर पेड़ से लटकाने का आरोप लगाया। सीओ विधि भूषण मौर्य ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

# वाहनों की फिटनेस: मैन्युअल सिस्टम होगा खत्म

- 31 दिसंबर के बाद एआरटीओ से नहीं मिलेगा फिटनेस सर्टिफिकेट
- अगले वर्ष से सिर्फ आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन पर ही होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ड्राइविंग लाइसेंस के बाद वाहन फिटनेस का कार्य भी संभागीय परिवहन कार्यालय में नहीं होगा। यह कार्य प्राइवेट सेंटर पर हुआ करेगा। इसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई है। जिम्मेदारों का तर्क है कि अब मैन्युअल तरीके से फिटनेस की जांच को समाप्त कर दिया जाएगा। इसके स्थान पर आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन (एटीएस) के माध्यम से होगी। जिसकी फीस सेंटर पर ही जमा करनी होगी। हालांकि अभी जिले में फिटनेस की सुविधा पहले बंद चल रही थी। वाहन चालकों को दूसरे जिलों में जाकर फिटनेस करानी पड़ रही है। मगर अब जिम्मेदारों का कहना है कि 31 दिसंबर तक मैन्युअल फिटनेस की सुविधा रहेगी। इसके बाद बंद हो जाएगी। सेंटर को लेकर भी तैयारियां शुरु हो गई है।

उप संभागीय परिवहन कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जिले में 15118 कार 176382 बाइक समेत कुल 1,95,029 वाहन पंजीकृत हैं। व्यावसायिक श्रेणी में 882 हैवी गुड्स वाहन और 2,647 एलएमवी मालवाहक वाहन सड़कों पर संचालित हो रहे हैं, जबकि लाइसेंस की बात करें तो करीब 192892 ड्राइविंग लाइसेंस धारक हैं, जिनमें 1,63,958 पुरुष और 28,934 महिलाएं चालक शामिल हैं।

एआरटीओ कार्यालय को अपग्रेड करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस कार्य पहले ही प्राइवेट हाथों में था। अब वाहन फिटनेस का कार्य भी एआरटीओ अधिकारी नहीं करेंगे। इसके लिए (एटीएस) आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन पर होगी, जोकि प्राइवेट होगी।

इसको लेकर तैयारियां शुरु कर दी गई हैं। हालांकि अभी तक प्रदेश के करीब 40 से अधिक जिलों में यह व्यवस्था शुरु नहीं हुई है। जिसमें पीलीभीत भी शामिल है। अभी मॉडल के रूप में अलीगढ़ और प्रतापगढ़ जिलों में यह व्यवस्था प्रभाव से लागू कर दी गई है।

अभी वाहनों की फिटनेस की जांच एआरटीओ के स्तर से मैन्युअल की जाती है। तमाम कमियां जांच के दौरान पकड़ में नहीं आतीं। इसमें खेल भी होता है। खटारा वाहनों को भी फिटनेस प्रमाणपत्र जारी कर दिया जाता है। कंप्यूटराइज्ड सिस्टम से वाहनों की फिटनेस जांच से किसी तरह का खेल नहीं हो सकेगा। इस जांच में एक बार फेल होने पर फिटनेस प्रमाणपत्र के लिए दोबारा आवेदन करने पर वाहन स्वामी को दोगुनी फीस देनी होगी। टेस्ट में फेल होने पर प्रमाणपत्र नहीं मिल सकेगा। इधर, कुछ माह पूर्व जिले में मैन्युअल फिटनेस को बंद कर दिया गया था। जिस वजह से वाहन चालकों को फिटनेस के लिए 60 किलोमीटर दूर बरेली का चक्कर लगना पड़ रहा है।

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिन जिलों में अभी आटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन संचालित नहीं हैं, वहां मैनुअल फिटनेस जांच की सुविधा एक निश्चित अवधि तक ही मिलेगी।

उन्होंने बताया जिले में भी मैन्युअल की व्यवस्था सिर्फ 31 दिसंबर 2026 तक चलेगी इसके बाद एआरटीओ कार्यालयों से मैन्युअल फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने का अधिकार वापस ले लिया जाएगा। 2027 से पीलीभीत के वाहन स्वामियों को अपने वाहनों की फिटनेस केवल मान्यता प्राप्त आटोमेटेड केंद्रों पर ही करानी होगी।

# मंत्री के सामने चौपाल में खुली सफाई की पोल

- ग्रामीणों ने की शिकायत डीपीआरओ ने दिखाई सख्ती
- प्रधान-सचिव समेत 4 को कारण बताओ नोटिस, निलंबन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** ब्लाक पूरनपुर की ग्राम पंचायत शाहगढ़ में सरकारी दावों की उस समय हवा निकल गई, जब गांव के कुछ ग्रामीणों ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी में गांव में साफ-सफाई न होने की शिकायत की। जांच में मामला सही मिलने पर डीपीआरओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए ग्राम प्रधान, सचिव समेत दो अन्य सफाई कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

बीते सोमवार को केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद पूरनपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत शाहगढ़ में आयोजित चौपाल में पहुंचे थे। इस दौरान गांव के कुछ ग्रामीणों ने शिकायत की कि ग्राम सचिवालय और प्राथमिक विद्यालय परिसर में झाड़-झंखाड़ उगे हुए हैं। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है और नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप था कि सचिवालय नियमित न खुलने के कारण उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

शिकायतों का संज्ञान लेते हुए डीपीआरओ रोहित भारती ने ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव विजय कुमार पासवान को नोटिस जारी किया है। साथ ही संबंधित पंचायत के सफाई कर्मचारी वीरेंद्र कुमार और रामलखन को भी कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने और उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि यदि तीन दिन के भीतर संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया, तो संबंधित सचिव और सफाई कर्मचारियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम और सरकारी सेवक आचरण नियमावली के तहत विभागीय अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### जिला क्रीड़ा अधिकारी ने केंद्रीय मंत्री को बताईं स्टेडियम में जलभराव की समस्या

**पीलीभीत, अमृत विचार :** राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने गांधी स्टेडियम में निर्माणाधीन एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान का निरीक्षण किया। जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह से खेल अवस्थापना सुविधाओं की जानकारी ली। जिला क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि गांधी स्टेडियम में भारी जलभराव हो जाता है। जिससे खिलाड़ियों को दिक्कतें होती हैं। साथ ही करीब एक महीने तक खेल गतिविधियां भी जलभराव के कारण रुक जाती हैं। केंद्रीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लिया और जल्द ही इस समस्या से निजात दिलाने का आश्वासन दिया। जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि एथलेटिक्स ट्रैक् का भी प्रस्ताव उपलब्ध कराया जाए। इस मौके बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द, पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान, एमएलसी सुधीर गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट विजयवर्धन तोमर, डीडीओ संजय कुमार, चेतन शर्मा आदि मौजूद रहे।

# चाचा ने साथी संग भतीजी से की छेड़छाड़

- बरखेड़ा पुलिस ने मां की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** दंपती की गैर मौजूदगी में उसकी नाबालिग पुत्री के साथ चाचा ने एक अन्य युवक संग मिलकर छेड़छाड़.की। छेड़खानी की। किशोरी के विरोध करने पर दोनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। किशोरी की मां के द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में यह आरोप लगाया गया है।

थाना क्षेत्र की एक विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके मकान में दो देवर भी रहते हैं। वह पति के साथ 18 मार्च को इलाबास देवल में लगा मेले में दुकान लगाने गई थी। घर पर 15 वर्षीय पुत्री समेत तीन बच्चे रुके थे। उसी रात 12 बजे उसकी 15 वर्षीय पुत्री मकान की छत पर बने शौचालय में गई। आरोप है कि तभी पीछे से उसका देवर गांव के एक युवक को साथ लेकर पहुंच गया और वीडियो बनाई। पुत्री के वापस कमरे में पहुंचने पर पीछे से दोनों पहुंचे और छेड़छाड़ की।

विरोध करने पर मारने की धमकी दी। 20 मार्च को वह मेले से वापस आई। पुत्री डर की वजह से कुछ बता नहीं रही थी। काफी पूछने पर अभी तीन दिन पूर्व उसने घटना के बारे में बताया। देवर द्वारा बनाई गई वीडियो भी प्राप्त की गई है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि महिला की ओर से रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर तलाकशुदा महिला से दुष्कर्म और लाखों रुपये ठगने के मामले में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें कि एक तलाकशुदा महिला ने सोमवार को एसपी से शिकायत की थी। उसका कहना था कि वह दिल्ली में रहकर एक कंपनी में काम करती है। ढाई साल पहले गोवा में उसकी मुलाकात पीलीभीत शहर के रहने वाले राजदीप शर्मा से हुई थी। उसने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। दो साल करवा चौथ समेत अन्य पर्व भी पति-पत्नी की रहकर मनाए। जरुरत बताकर रुपये भी ठगे थे। अब 24 अप्रैल को दूसरी युवती से शादी कर ली। एसपी ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। मामले में कोतवाली पुलिस ने नामजद मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# स्कूली वाहनों के चालकों का होगा चरित्र सत्यापन

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मंगलवार को गांधी सभागार में डीएम ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। एआरटीओ वीरेन्द्र सिंह ने बताया कि दुर्घटना बाहुल्य 10 स्थलों पर दोनों ओर ब्लिंकर लाइट लगाए जाने का कार्य पूर्ण कर लिया है। छुट्टा पशुओं के गले में लगाने के लिए रिफ्लेक्टर युक्त बेल्ट पशु चिकित्सा विभाग द्वारा क्रय कर ली गई हैं, जिन्हें ब्लॉकवार वितरित कराकर पशुओं को पहनाने का कार्य कराया जा रहा है। एआरटीओ ने ये भी बताया कि बरेली-पीलीभीत-सितारगंज मार्ग पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं।

जहानाबाद फ्लाईओवर के प्रवेश स्थल पर पर्याप्त स्लोप न होने के कारण दुर्घटनाएं हो रही हैं और ग्राम बिसेन के लिंक मार्ग पर भी स्लोप कम होने के कारण समस्या है। इन स्थानों पर स्लोप बढ़ाने और स्पीड ब्रेकर लगाए जाने की आवश्यकता है। इस पर डीएम ने एनएचएआई के साइट इंजीनियर को शीघ्र गड्ढों का समतलीकरण एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्य कराने के निर्देश दिए। बताया कि एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक स्कूल वाहनों के निरीक्षण के लिए विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत 110 स्कूलों में वाहनों की भौतिक एवं प्रपत्रीय जांच की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गईं, उन्हें पूर्व में नोटिस दिया गया था। 27 अप्रैल से पुनः विशेष अभियान चलाकर वाहनों की दोबारा जांच की गई है। डीएम ने निर्देशित किया गया स्कूली वाहन चालकों का चरित्र सत्यापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। वाहन संचालन के दौरान मोबाइल के उपयोग पर पूर्णतः रोक लगाई जाए।

## प्रश्नपत्रों के वितरण का बनाया नोडल केंद्र

**पीलीभीत, अमृत विचार:** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर को विवि परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्रों के वितरण का नोडल केंद्र बनाया गया है। यहां से क्षेत्र के विभिन्न महाविद्यालय स्वामी एजुकेशनल कॉम्पलेक्स महाविद्यालय, लक्ष्य अकादमी ऑफ हायर स्टडीज, साईं डिग्री कॉलेज, श्रीमहंत सुखदेवपुरी डिग्री कॉलेज के प्रश्न पत्रों का वितरण किया जाएगा।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल से परीक्षाएं प्रारंभ हो रही हैं। इस केंद्र पर लक्ष्य अकैडमी ऑफ हायर स्टडीज एवं गन्ना कृषक महाविद्यालय, पूरनपुर के छात्र-छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुचिता पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई हैं। साथ ही, परीक्षा आयोजन से संबंधित समस्त सूचनाएं प्रशासन को पत्राचार के माध्यम से प्रेषित कर दी गई हैं। असिस्टेंट प्रोफेसर शिक्षाशास्त्र डॉ. विनोद कुमार सिंह को परीक्षा प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# वेयर हाउस का किया निरीक्षण, परखीं व्यवस्थाएं


वेयर हाउस का निरीक्षण कर बाहर आते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

- साफ सफाई सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने मंगलवार को जिला निर्वाचन कार्यालय परिसर स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं मशीनों के रख रखाव का जायजा लिया और साफ सफाई रखने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान भाजपा नगराध्यक्ष इंद्रेश चौहान, सपा प्रतिनिधि अमित पाठक, कांग्रेस प्रवक्ता हेमंत मिश्रा, लोकेश गौतम समेत जिला निर्वाचन कार्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

## ग्रामीणों ने बताईं समस्याएं, मिला आश्वासन

**अमरिया, अमृत विचार:** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद ने क्षेत्र के कैंचू टांडा पौटा, गायबोझ आदि गांवों में जनसंवाद किया। ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान बिजली कनेक्शन, स्मार्ट मीटर, जर्जर सड़क, जलभराव आदि से जुड़ी समस्याएं अधिक रहीं। कैंचू टांडा के ग्रामीणों ने बरात घर और शमशान घाट की मांग की।

इसे लेकर केंद्रीय मंत्री ने एसडीएम मयंक गोस्वामी को ग्राम पंचायत में बरात घर निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। चारागाह की जमीन को कब्जा मुक्त कराने का मुद्दा भी उठा। जिस पर एसडीएम मयंक गोस्वामी ने बताया कि मामला कोर्ट में विचाराधीन होने के कारण फिलहाल कार्रवाई संभव नहीं है।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख निशान सिंह, मानसिंह राठौर, प्रमोद कश्यप, हसीब अहमद अंसारी, शंकर लाल शर्मा, विजय देव शर्मा, हुकम सिंह कश्यप, रमेश कुमार, मोहम्मद फहीम, ओमप्रकाश, राममूर्ति आदि मौजूद रहे।

# ड्यूटी से गायब फार्मासिस्ट का दो दिन का वेतन रोका

- पूरनपुर के कबीरगंज होम्योपैथिक चिकित्सालय का मामला

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** पूरनपुर तहसील क्षेत्र के शारदा पार इलाके कबीरगंज/भगवानपुर भागीरथ के राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में तैनात एक फार्मासिस्ट के लगातार दो दिन तक बिना सूचना दिए अनुपस्थित पाया गया। इस पर होम्योपैथिक अधिकारी ने अनुशासनहीनता और ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामले में दो दिन का वेतन रोका है।

जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. राजीव शर्मा ने बताया कि पूरनपुर क्षेत्र के कबीरगंज/भगवानपुर भागीरथ स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय में तैनात फार्मासिस्ट रितेश पाठक को 27 अप्रैल को कई बार कॉल किए जाने के बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। बाद में उन्होंने दूसरे फार्मासिस्ट को यह जानकारी दी कि वह बाइक चला रहे थे, जबकि जांच में सामने आया कि वह उस दिन चिकित्सालय पहुंचे ही नहीं थे। इतना ही नहीं 28 अप्रैल को दोपहर 12:41 बजे वीडियो कॉल करने पर भी उन्होंने फोन नहीं उठाया। इसके बाद आउटसोर्सिंग कर्मचारी गंगा राम के माध्यम से वीडियो कॉल कर सत्यापन कराया गया, जिसमें पुष्टि हुई कि रितेश पाठक उस दिन भी चिकित्सालय नहीं आए थे और एक दिन पहले भी अनुपस्थित रहे थे। इसके अलावा एईबीएएस ऐप पर भी उनकी अनुपस्थित दर्ज पाई गई। बिना सूचना मुख्यालय छोड़ना, वरिष्ठ अधिकारियों को भ्रमित करना और गलत जानकारी देना कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत गंभीर उनका दो दिन का वेतन रोका गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### संयुक्त प्रवेश परीक्षा 10 और 11 जून को

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कृषि महाविद्यालय जमुनाबाद के कृषि अधिष्ठाता डॉ. अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों के साथ साथ कृषि महाविद्यालय कैम्पस जमुनाबाद में प्रवेश के लिए संयुक्त प्रवेश परीक्षा 10 और 11 जून को आयोजित होगी। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि गुरुवार 30 अप्रैल को है। बताया कि अंतिम तिथि से पूर्व विद्यार्थी आवेदन पूर्ण कर लें। कृषि एवं संबद्ध विषयों में शिक्षा प्राप्त कर छात्र–छात्राएं कृषि विज्ञान, पशुपालन, जैव प्रौद्योगिकी, खाद्य प्रसंस्करण, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, डेयरी, मृदा विज्ञान तथा कृषि अभियांत्रिकी आदि क्षेत्रों में उज्ज्वल करियर बना सकते हैं।

### निमंत्रण के बहाने बुलाकर परिवार को पीटा

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव काजीपुरवा निवासी वर्मा यादव ने बताया कि रात करीब 9 बजे गांव के ही कमलेश, रजनीकांत, मेवालाल और राममिलन ने उसे अपने यहां निमंत्रण के बहाने बुलाया। वहां पहले से चल रही खेत की मेड़ को लेकर रंजिश में आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए उस पर हमला कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर जब उसका भाई रामकुमार, भाभी गितारा देवी और भतीजे अनूप व सुनील बचाने पहुंचे तो आरोपियों ने उन्हें भी पीट दिया। इस दौरान सभी को चोटें आई हैं। आरोप है कि आरोपी कमलेश की छत से होकर पीड़ित के घर की छत पर पहुंचे और वहां भी मारपीट की। घटना के बाद आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी, जिससे परिवार दहशत में है। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बाइक चालक पर हादसे की नामजद रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** भूतनाथ कॉलोनी की रहने वाली गीता देवी ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 30 मार्च को उसके पति त्रिभुवन लाल साइकिल से जा रहे थे। तभी कोटवारा मोड़ के पास गांव खम्हौल निवासी साहिद अली ने बाइक से टक्कर मार दी, जिससे उसके पति की गर्दन की हड्डी टूट गई और सिर पर चोटें आई।

# नशे में धुत होकर कार चला रहा था आर्मी जवान, चार की मौत

## टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कई मीटर दूर जा गिरे, आधी रात के हादसे का मंजर देख कांप उठे लोग, दो गंभीर घायल जिंदगी की लड़ रहे जंग

संवाददाता, बेहजम


हादसा स्थल पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार


गांव बसारा में चचेरे भाइयों की एक पास बनी चिताएं। ● अमृत विचार


गांव मिर्जापुर सोनौरा में रोती–बिलखती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** सोमवार की आधी रात बेहजम-लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर हुआ भीषण हादसा एक बार फिर यह साबित कर गया कि नशा और रफ्तार का मेल कितना जानलेवा हो सकता है। लखनापुर चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने तीन बाइकों को रौंद दिया और चार चचेरे भाइयों की जिंदगी हमेशा के लिए खत्म हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी की जंग लड़ रहे हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार चला रहा गांव बेहजम निवासी शालू उर्फ भानू (30) आर्मी का जवान है। वह अत्यधिक नशे में कार चला रहा था। इस वजह से वाहन पर उसका नियंत्रण नहीं था। सड़क पर कार की रफ्तार और उसका डगमगाना साफ बता रहा था कि चालक होश में नहीं है। यही लापरवाही कुछ ही पलों में चार परिवारों के लिए जिंदगी भर का दर्द बन गई। रात करीब 11:30 बजे शादी समारोह से लौट रहे पांच युवक अलग-अलग बाइकों पर सवार होकर अपने घर जा रहे थे।

खुशियों से भरी यह वापसी कुछ ही मिनटों में चीख-पुकार में बदल गई। बेहजम की ओर से तेज गति में आई ब्रेजा कार ने पहले एक बाइक को टक्कर मारी, फिर दूसरी और तीसरी बाइक को भी जोरदार टक्कर दे दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कई मीटर दूर जा गिरे और सड़क पर खून और मलबा फैल गया। हादसे में हरिकृष्ण शुक्ला और मोहित शुक्ला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आदर्श और अनुज कुमार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। कुंजन दीक्षित और कार चालक गंभीर रूप से घायल हैं, जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा है।

हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर दूर खाई में पलट गई। यह दृश्य इतना भयावह था कि मौके पर पहुंचे लोग सन्न रह गए। कुछ लोग घायलों को संभालने में जुटे रहे, तो कुछ अपनों को खोजते हुए रोते-बिलखते नजर आए।

इस हादसे ने एक बार फिर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो रही है? क्या रात के समय सड़कों पर पर्याप्त निगरानी है? हर हादसे के बाद सख्ती के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत में ज्यादा बदलाव नजर नहीं आता। मंगलवार को मृतकों के गांवों में हर तरफ मातम पसरा है। जिन घरों में कल तक हंसी-खुशी का माहौल था, वहां अब सन्नाटा और आंसू हैं। परिजनों का कहना है कि अगर चालक नशे में न होता, तो शायद उनके अपने आज जिंदा होते। यह हादसा सिर्फ चार मौतों की खबर नहीं, बल्कि एक चेतावनी है। अगर नशे में ड्राइविंग पर सख्ती नहीं हुई, तो सड़कों पर ऐसी त्रासदियां यूं ही जिंदगियां लीलती रहेंगी।

### बेटे की चिता के सामने टूटा बाप, बोला-मेरा सूरज बुझ गया

**संवाददाता, बेहजम, अमृत विचार :** हादसे में जान गंवाने वाले मोहित शुक्ला के घर का मंजर सबसे ज्यादा दर्दनाक है। नोएडा में नौकरी करने वाला मोहित कुछ दिनों के लिए घर आया था। किसे पता था कि यह वापसी आखिरी होगी। बेटे की मौत की खबर मिलते ही पिता कमल किशोर शुक्ला जैसे पत्थर हो गए। फिर अचानक फूट पड़े। वह सिर्फ इतना ही कह रहे थे कि मेरा इकलौता बेटा था मेरा सूरज बुझ गया अब किसके सहारे जिऊंगाउनकी आवाज में दर्द ही नहीं, टूट चुकी उम्मीदों की गूंज थी। पहले पत्नी का साथ छूटा, अब बेटे की मौत ने उन्हें बिल्कुल अकेला कर दिया। घर में अब पांच साल की मासूम पोती बिट्टू और बहू की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है। वहीं, हरिकृष्ण शुक्ला अपने दो भाइयों के साथ खेतीबाड़ी कर परिवार चला रहे थे। उनकी शादी की बातें चल रही थीं, घर में खुशियों की उम्मीद थी, लेकिन किस्मत को कुछ और मंजूर था। अब उसी घर में सन्नाटा पसरा है। गांव के लोग बताते हैं कि सोमवार रात तक सब कुछ सामान्य था। हादसे के बाद का मंजर इतना भयावह था कि जिसने भी देखा, उसकी रूह कांप उठी। सड़क पर बिखरी बाइकें, रोते–बिलखते लोग और अपनों को ढूंढती आंखें हर तरफ दर्द ही दर्द था। गांव में हर घर के बाहर सन्नाटा है। जिन आंगनों में कल तक हंसी गूंजती थी, वहां अब सिर्फ आंसुओं की आवाज है। बसारा निवासी आदर्श खेती बाड़ी करते थे। वह दो भाईयों में सबसे बड़े थे। उनका 4 वर्ष का एक पुत्र है। अनुज कुमार भी खेती बाड़ी करते थे।

### पोस्टमार्टम के बाद गांव लाए गए शव तो मचा कोहराम

पोस्टमार्टम के बाद मंगलवार की शाम शव जब मिर्जापुर सोनौरा और बसारा गांव लाए गए तो शवों के आते ही परिवार में कोहराम मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। परिवारीजनों के करुण क्रंदन के आगे लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। महिलाएं शव से लिपटकर विलाप कर रहीं थीं। रिश्तेदार और आसपास के लोग बिलख रहे परिजनों को ढांढस बंधा रहे थे। गांव मिर्जापुर सोनौरा निवासी हरिकृष्ण शुक्ला, उसके चचेरे भाई मोहित शुक्ला, बसारा गांव निवासी आदर्श और अनुज कुमार की अर्थियां एक साथ निकली तो पूरा गांव रो पड़ा। परिजनों ने पास–पास चिताएं सजाईं। दोनों गांवों में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है।

# मुख्य सेविका की मौत पर ट्रैक्टर चालक पर रिपोर्ट

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

● 24 अप्रैल को स्कूटी से ड्यूटी जाते समय हुआ था हादसा

**अमृत विचारः** स्कूटी से ड्यूटी पर जाते समय भुसौरिया के पास ट्रैक्टर से बाल विकास परियोजना विभाग की मुख्य सेविका को कुचल देने से हुई मौत पर पिता ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मितौली थाना क्षेत्र के गांव महमदपुर निवासी रामखेलावन वर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 अप्रैल को उनकी पुत्री मान्शी वर्मा (27) गोला ब्लॉक स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय से 10 बजे स्कूटी से भुसौरिया के आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण करने निकली थी, तभी भुसौरिया चौराहे पर लखीमपुर की ओर से नीला स्वराज ट्रैक्टर ट्राली ने लापरवाही से टक्कर मार दी थी, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई थी। जिगनहां गांव के रिश्तेदार मनोज वर्मा ने अपनी भांजी को सड़क पर पड़े देख राहगीरों की मदद से सीएचसी पहुंचाय, जहां डाक्टरों ने मान्शी को मुत घोषित कर दिया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ने वाहन सहित भागने का प्रयास किया किंतु लोगों ने दौड़ाया तो वह टीवीएस एजेंसी के आगे वैदाखेड़ा जाने वाले खड़ंजे पर ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर भाग गया, जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### पलिया से लापता व्यापारी बरेली में मिला

**पलियाकलां, अमृत विचार :** नगर की पटिहन रोड पर स्थित युवा व्यापारी सौरभ माहेश्वरी सोमवार की सुबह मंदिर की बात कहते हुए घर से लापता हो गए थे। काफी प्रयासों के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला था। इससे चिंतित परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर उनका पता लगाने का अनुरोध किया था। गुमशुदगी दर्ज कर पुलिस ने उन्हें सोमवार देर शाम बरेली में सकुशल बरामद कर लिया। बाद में परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने बताया कि सौरभ अभी किसी से बातचीत करने के मूड में नहीं है।

### नैरो कास्टिंग से गांवों तक पहुंचा सेहत सही, लाभ कई का संदेश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** सामुदायिक रेडियो स्टेशन की टीम मंगलवार को सदर ब्लॉक के गांव पिपराकरमचंद पहुंची, जहां स्मार्ट एनजीओ के सहयोग से संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रम सेहत सही, लाभ कई के तहत नैरो कास्टिंग के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। संचालन सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में किया गया। टीम की सदस्य मानसी जायसवाल और रूपांशी वर्मा ने मलेरिया एवं आरोग्य मंदिर जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नैरो कास्टिंग कर ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी।

# बच्चे से बात करने पर युवक को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** कोतवाली सदर क्षेत्र में मासूम बच्चे से बात करना एक युवक को इतना भारी पड़ गया कि उसे लाठी-डंडों से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

गांव बुढ़नापुर निवासी सतीश ने बताया कि वह मजदूरी के सिलसिले में अक्सर बाहर जाता है। वह अपने साथी राजन से काम के संबंध में बात करने उसके गांव ओदरहना गया था। वहां वह राजन के घर के पास स्थित एक परचून की दुकान पर खड़ा होकर उसका इंतजार कर रहा था। इस दौरान एक छोटा बच्चा दुकान पर आया, जिससे सतीश ने स्नेहवश पूछा कि उसे क्या चाहिए और कहा कि वह दिला देगा। इस पर बच्चा घबरा गया और रोते हुए अपने घर चला गया। आरोप है कि कुछ ही देर बाद बच्चे के परिजन प्रेमू, शत्रोहन और महेश लाठी-डंडे लेकर मौके पर पहुंच गए और सतीश पर हमला कर दिया। सतीश जान बचाकर बाइक से भागने लगा, लेकिन आरोपियों ने उसे डंडा मारकर गिरा दिया और फिर लाठी-डंडों से जमकर पिटाई की।

हमले में सतीश के सिर, सीने, कान और गर्दन पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और सरकारी एंबुलेंस की मदद से घायल सतीश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। शहर कोतवाल राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है। प्रकरण की जांच एसआई दिनेश कुमार पांडेय को सौंपी गई है।

# आग से कबाड़ का सामान जला

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ


गोला में आग से जलता कबाड़ का सामान। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** नगर के डायवर्जन रोड स्थित चीनी मिल की पुरानी कॉलोनी के समीप सोमवार रात नौ बजे कबाड़ के ढेर में अचानक आग लगने से हजारों का सामान जल गया। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

मिल डायवर्जन रोड पर पटेल संस्थान के निकट प्रेम गुप्ता का सड़क किनारे दोनों ओर कबाड़ का सामान फैलाकर रखा गया था, जिसमें प्लास्टिक सहित कई ज्वलनशील पदार्थ मौजूद थे। इसी कबाड़ में रात नौ बजे आग भड़क उठी। मोहल्ले वासियों का कहना है कि आग लगने से कुछ समय पहले प्रेम गुप्ता और उसके पुत्र छोटू के बीच विवाद हुआ था। विवाद के बाद छोटू द्वारा आग लगाए जाने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग की चपेट में आकर एक पड़ोस की दुकान को नुकसान पहुंचा है, जबकि समय रहते कार्रवाई होने से आसपास की कई दुकानें सुरक्षित बच गईं।

### खाना बनाते समय लगी आग, दो घर जले

**रोशननगर, अमृत विचार :** मैलानी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर डाटपुर के गांव रामपुर में सुबह आठ बजे खाना बनाते समय लगी आग से दो घर जल गये हैं, जिनमें हजारों की संपत्ति राख हो गई। रामपुर के रमेश कुमार के घर में सुबह खाना बनाते समय लगी आग ने विकराल रूप धारण कर लिया, जब तक गांव वाले दौड़कर आग बुझाने का प्रयास करते जब तक पड़ोस के इतवारी लाल के घर को भी अपनी चपेट में लिया। आग से दोनों घरों में राशन, कपड़ा ,घरेलू सामान, नगदी जलकर राख हो गयी। आग उस समय लगी जब रमेश गांव में ही मजदूरी पर गए थे। आसपास के लोगों ने कड़ी मशक्कत से पानी डाल कर आग को बुझा पाये। गनीमत रही उस समय हवा नहीं चल रही थी नहीं तो आग विकराल रूप धारण कर सकती थी।



अमृत विचार

बरेली, बुधवार, 29 अप्रैल 2026 खीरी

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO.9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)

स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ

30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त

ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic



* पतले-दुबले
* गाल पिचके
* कमजोर स्त्री-पुरुष
* मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए

परामर्श लें।

चिकित्सा जानकारी

भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं

- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना



वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें

Sexually Transmitted Bacterial Disease

सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें

डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांक :-
10 मई 2026, रविवार
24 मई 2026, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

# दिन में भीषण गर्मी झुलसाती, रात को रुलाती बिजली की आवाजाही

## कई दिनों से रात को लगातार 4 -5 घंटे की अघोषित कटौती से लोग परेशान

संवाददाता, रोशननगर

**अमृत विचारः** हैदराबाद फीडर से आपूर्ति की जाने वाली बिजली कटौती में कोई सुधार नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी के मौसम का आगाज होने के साथ ही बिजली की कटौती भी शुरू हो गई है। पिछले कई दिनों से रात को लगातार चार से पांच घंटे की अघोषित बिजली कटौती हो रही है। जिससे कस्बे से लेकर ग्रामीणों में विद्युत विभाग के खिलाफ आक्रोश गहराता जा रहा है।

इन दिनों दिन में चिलचिलाती धूप की तपिश झुलसा रही है। ऐसे में बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान हैं। रात को नौ बजे के बाद कस्बे से लेकर गांवों की बिजली गुल होने से अंधेरा पसर जाता है। ऐसे में गर्मी से त्राहि त्राहि मची है, लोग बेहाल हैं। ऐसे में एक तो गर्मी दूसरे मच्छर भी परेशान करते हैं। ग्रामीणों कहना है कि सुबह से शाम तक कई बार बिजली की आंख मिचौली होती है। रात को 8 बजे से 10 बजे तक बार बार ट्रिपिंग उसके बाद बिजली गुल हो जाती है।



रोशननगर के संजीव अग्निहोत्री का कहना है कि दिन तो कट जाता है पर रात्रि की कटौती से अंधेरा रहता है और पंखे भी नहीं चल पाते हैं। बार कटौती से हम ग्रामीण परेशान हैं। रात के अंधेरे में चोरी आदि का भी भय बना रहता है।



गांव के दीपक अग्निहोत्री पोस्टमैन का कहना है कि इस समय रात्रि में धड़ल्ले से बिजली कटौती की जाती है। रात खाना खाने के समय में ट्रिपिंग शुरू हो जाती और सुबह तीन बजे तक कितनी बार आई गई, जबकि इस समय गर्मी भी पड़ रही है।



जनकपुर के संजय यादव का कहना है कि बिजली विभाग कोई नियम नहीं अपना रहा। जब जरूरत तब गायब रहती है, जबकि रात्रि में नाम मात्र को मिल रही है। दिन मे एक बजे तक आना जाना लगा रहता है। पांच बजे के बाद ख मिचौली शुरू करती है।



भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सर्वेश गुप्ता का कहना है कि बिजली की रवैया काफी खराब है। पूरे क्षेत्र वासियों को बिजली की दिक्कत हो रहा है। इससे भीषण गर्मी में भी उपभोक्ताओं को कोई लाभ नहीं मिल रहा है। व्यवस्था में सुधार के लिए कई बार कहा भी गयी है।

ग्रामीण उपभोक्ताओं का कहना है कि प्रदेश सरकार दावा कर रही हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए, पर बिजली विभाग के अधिकारी, कर्मचारी कटौती से नहीं चूक कर रहे हैं।

अक्सर जेई का नम्बर बिजी रहता है उठ भी जाए तो रोस्टिंग, ब्रेक डाउन, लोकल फाल्ट बता दिया जाता है। बिजली के अभाव में एसी, कूलर, पंखा, फ्रिज आदि विद्युत उपकरण शो पीस बने हुए हैं। जिन लोगों के इनवर्टर हैं तो अंधेरे से बचे हैं। जहां इनवर्टर नहीं हैं तो लोगो को एलईडी, मोमबत्ती का सहारा लेना पड़ता है।

बिजली कटौती से एक ही गांव नहीं दर्जनों गांव के उपभोक्ता बिजली कटौती से बेहाल हैं। रोशननगर, ममरी, परेली, जनकपुर, बाबरपुर, रामपुर, अंबरपुर, जमुनहां, तल्फीपुर, सेखवापुर, अजान, सुहैला, दूलीपुर, कैमा, बन्जारगंज, सौखिया, सरकारगढ़, बांसबेरिया, स्याहपारा, बरगदिया, घमहाघाट आदि गांवों के बिजली उपभोक्ता बिजली कटौती से बेहाल हैं।

# गन्ना विकास समिति कार्यालय में नल खराब

**भीरा, अमृत विचारः** सरकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर लगे नल खराब होने से किसानों को पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गन्ना किसानों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए वर्षों पूर्व दो इंडिया मार्का नल लगवाए गए थे, जो वर्तमान में खराब पड़े हैं। गन्ना विकास समिति कार्यालय समस्याओं के साथ खाद बीज सहित अन्य कृषि संबंधी उपकरण लेने आने वाले किसानों को भीषण गर्मी में भी पीने को पानी नहीं मिल पा रहा है। उन्हें प्यास बुझाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। हालांकि पानी की उपलब्धता के लिए आरओ की व्यवस्था करने का दावा सचिव कर रहे हैं, लेकिन प्रतिदिन दर्जनों की संख्या में आने वाले किसानों की प्यास बुझाने के लिए यह न काफी साबित हो रहा है। संचालक मोहकम सिंह वीरेंद्र दीक्षित ने गन्ना विकास समिति अध्यक्ष डॉ. राकेश सिंह से खराब पड़े इंडिया मार्का हैंडपंपों की मरम्मत करवाने की मांग की है।

- **किसानों को भीषण गर्मी में भी पीने को पानी नहीं मिल रहा**

# स्क्रूटनी के लिए 17 मई तक करें आवेदन

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- **प्रति प्रश्नपत्र 500 रुपये शुल्क ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य**

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित होने के बाद अब परीक्षार्थियों को अपनी उत्तरपुस्तिकाओं की दोबारा जांच (स्क्रूटनी) कराने का अवसर मिल गया है। माध्यमिक शिक्षा परिषद ने स्क्रूटनी प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे छात्र-छात्राएं अपने प्राप्त अंकों की पारदर्शिता सुनिश्चित कर सकें। जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 के अभ्यर्थी परिषद की आधिकारिक वेबसाइट upmsp.edu.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

डीआईओस ने बताया कि स्क्रूटनी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 17 मई निर्धारित की गई है और इसके बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अभ्यर्थियों को निर्देशित किया गया है कि वे वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र भरकर उसका प्रिंट आउट प्राप्त करें और आगे की प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने बताया कि स्क्रूटनी के लिए प्रति प्रश्नपत्र 500 रुपये शुल्क तय किया गया है, जिसे चालान के माध्यम से राजकीय कोषागार में जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन पत्र के प्रिंट आउट के साथ शुल्क जमा करने का प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य रहेगा, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया है कि इस संबंध में जारी सूचना को विद्यालय के नोटिस बोर्ड पर अनिवार्य रूप से चस्पा कराया जाए, ताकि कोई भी छात्र-छात्रा जानकारी के अभाव में इस प्रक्रिया से वंचित न रह जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि स्क्रूटनी प्रक्रिया परीक्षार्थियों को उनके अंकों के पुनर्मूल्यांकन में पारदर्शिता का अवसर प्रदान करती है, इसलिए जिन अभ्यर्थियों को अपने परिणाम को लेकर संदेह है, वे इस सुविधा का लाभ अवश्य उठाएं।

# मोहिनी एकादशी पर संकीर्तन में झूमे भक्त



कंजा देवस्थान पर खाटू श्याम के भजन सुनने के लिये मौजूद श्रद्धालु।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कंजा बाबा देवस्थान स्थित खाटू श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी पर श्रीश्याम दीवाने सेवा समिति द्वारा आयोजित संकीर्तन में पहुंचे श्रद्धालु देर रात तक खाटू श्याम के भजनों पर झूमते गाते रहे।

संकीर्तन का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। भजन गायक अजय गुप्ता और शिवम गुप्ता ने श्याम बंशी बजाते हो या मुझे बुलाते हो, राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली-गली, श्याम मेरा खाटू वाला, श्याम मेरा खाटू वाला, क्यों घबराऊ मैं मेरा तो श्याम से नाता है आदि भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने, नाचने पर मजबूर कर दिया।

पुजारी संतोष पाठक ने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान असुरों द्वारा अमृत छीन लेने पर भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण कर देवताओं की रक्षा की थी।

मान्यता है कि इस दिन सच्चे मन से पूजा और व्रत करने से मानसिक शांति, आध्यात्मिक शक्ति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। संकीर्तन के समापन पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। समिति अध्यक्ष दीपक राजपूत, महामंत्री अजय गुप्ता, संरक्षक अनिल जलोटा, संजू गुप्ता, अनिरुद्ध गुप्ता, शिवम गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुधीर गुप्ता, आशुतोष रस्तोगी, बबलू जायसवाल, संतोष गुप्ता, सुमित राठौर आदि सेवादार मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने डीएम को लिखा पत्र

**भीरा, अमृत विचारः** नगर पंचायत अध्यक्ष संजय चारु शुक्ला ने डीएम को पत्र भेज नगर पंचायत भीरा को 22 घंटे बिजली आपूर्ति करवाने की मांग की है। उन्होंने भेजे पत्र में कहा है वर्तमान में चार वर्ष से इस कस्बे को नगर पंचायत का दर्जा प्राप्त होने के बाद भी अब तक इसे ग्रामीण क्षेत्र के रोस्टर के अनुसार 18 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है, जिसमें भी कभी ट्रिपिंग व अघोषित कटौती शामिल है। इससे नगर को 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है। नगरों के साथ तहसील स्तरीय कस्बों को 22 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं, लेकिन विभागीय अधिकारियों की मनमानी के कारण नियमों का पालन नहीं हो रहा है। उन्होंने नगर पंचायत को अन्य नगरों की भांति 22 घंटे बिजली आपूर्ति की मांग की है।

# पीड़ितों को सपा महिला सभा ने दी मदद

संवाददाता, निघासन/मझगईं

**अमृत विचारः** मझगईं थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बौधिया कला के मजरा लोनियन पुरवा में हुए भीषण अग्निकांड के बाद प्रभावित परिवारों की मदद के लिए समाजवादी पार्टी की महिला सभा आगे आई। सभा की जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे ने पदाधिकारियों के साथ राहत सामग्री वितरित की।

23 अप्रैल को लोनियनपुरवा में अग्निकांड में कई घर जलकर राख हो गए थे। नौ मवेशियों की मौत के साथ ही लाखों रुपये का घरेलू सामान नष्ट हो गया था। हादसे के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर हो गए। उनके सामने भोजन व जरूरी संसाधनों का संकट था। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे ने पदाधिकारियों के साथ गांव पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना।



अग्निपीड़ितों को राशन किट वितरित करती सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे।

- **जिलाध्यक्ष प्रख्याति खरे ने बांटे राशन सामग्री के किट**
- **नौ मवेशियों समेत लाखों का हुआ था नुकसान**

उन्होंने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाते हुए राहत सामग्री का वितरण की। इस दौरान चावल, आटा, दाल, खाद्य तेल, मसाले और आलू सहित आवश्यक खाद्य सामग्री के पैकेट तैयार कर जरूरतमंदों को दिए गए। प्रख्याति खरे ने कहा कि दुःख की घड़ी में समाजवादी पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ है और आगे भी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने प्रशासन से भी अपील की है कि प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा और पुनर्वास की सुविधा दी जाए।

राहत सामग्री पाकर पीड़ित परिवारों के चेहरे पर थोड़ी राहत नजर आई और उन्होंने सहयोग के लिए महिला सभा का आभार जताया।

इस दौरान पिंकी गुप्ता, आरती जनावर, ग्राम प्रधान सैयद मकसूद अली, तिलक राम यादव, राम मूर्ति यादव, पिंकी सक्सेना, पंचायत सहायक अखिलेश कुमार, नैमिष पाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व अग्नि पीड़ित मौजूद रहे।

# रोगों की रोकथाम के लिए मदरसा में लगाए टीके



सिकंद्रबाद मदरसे में छात्र को टीका लगाती स्वास्थ्यकर्मी। ● अमृत विचार

**बिलहरी, अमृत विचारः** मदरसा हुसैनिया गरीब नवाज सिकंदराबाद में डिप्थीरिया आउटब्रेक की रोकथाम के लिए टीडीडीपीटी का स्कूल आधारित टीकाकरण अभियान के तहत बच्चों को डिप्थीरिया से बचाव के लिए टीके लगाए गए। एएनएम अमीषा देवी, आंगनबाड़ी गुलमित कुमारी ने कहा कि जब भी टीकाकरण का अभियान चले तो उसमें बच्चों को टीके जरूर लगवाएं। बीमारियों से बचाव के लिए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिये जागरूक होने की बात कही। इस दौरान प्रधानाध्यापक मौलाना मोहम्मद सलमान रजा खान भी मौजूद रहे।

# फर्टिलाइजर्स एसो. ने उठाई समस्याएं

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** फर्टीलाइजर्स एण्ड पेस्टीसाइड एसोसिएशन ने विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर सोमवार को प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा है, जिसमें खाद, बीज और कीटनाशक विक्रेताओं की समस्याएं प्रमुखता से उठाई गई हैं।

कृषि व्यापारियों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर अपनी मांगों को उठाया। प्रधानमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को दिये ज्ञापन में खाद पर जबरन लिंकिंग पर रोक लगाने, उर्वरकों की डिलीवरी सीधे बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित करने और डीलर मार्जिन को बढ़ाकर न्यूनतम आठ प्रतिशत करने सहित अन्य तमाम आवश्यक मांग की गई है। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय लिया जाएगा, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो सकते हैं। व्यापारियों ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय और कृषि मंत्रालय के अधिकारियों को निर्देशित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान कराया जाए। ज्ञापन देते समय तनुज भसीन, भुवनेश त्यागी, गुलशन भसीन, लवी वर्मा, आत्मा गुप्ता, राहुल त्यागी, संजीव कनौजिया, गुल मोहम्मद आदि मौजूद रहे।



गोला में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

- **प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा**

# आंगनबाड़ी सहायिकाओं को वितरित किए नियुक्ति पत्र



गोला ब्लॉक पर नियुक्तिपत्र के साथ आंगनबाड़ी सहायिकाएं और अतिथि।

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कुंभी ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 14 आंगनबाड़ी सहायिकाओं को मुख्य अतिथि लाल्हापुर ग्राम प्रधान जनार्दन गिरि ने चयनित सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।

जिनमें 10 सहायिकाएं कुम्भी गोला और 4 बांकेगंज क्षेत्र की हैं। विशिष्ट अतिथि कुंभी ब्लाक प्रमुख विमल वर्मा ने नवनियुक्त सहायिकाओं को बधाई दी। एडीओ पंचायत अवनीश त्रिपाठी, एपीओ, ग्राम विकास अधिकारी ललित वर्मा, तेंदुआई ग्राम प्रधान मनोज वर्मा, ममरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवित वर्मा, बस्तौली के पूर्व प्रधान विजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# रोजगार सेवकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, निघासन

**अमृत विचारः** निघासन क्षेत्र में ग्राम रोजगार सेवक संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा को ज्ञापन सौंपा।

ग्राम रोजगार सेवक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमर प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि रोजगार सेवकों को कई प्रकार की व्यावहारिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिनके समाधान के लिए शासन स्तर पर पहल आवश्यक है। उनका बकाया मानदेय प्रत्येक माह की 30 तारीख को हर हाल में विकासखंड स्तर से बुक किया जाए तथा समस्त लंबित मानदेय का भुगतान किया जाए। साथ ही EPF कटौती की बकाया धनराशि रोजगार सेवकों के यूएन खाते में शीघ्र जमा कराई जाए। EPF जमा कराने के नाम पर हर बार प्राइवेट सीए के लिए रोजगार सेवकों से ली जा रही अनुचित धनराशि को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे समाप्त कर विकासखंड के अधिकृत लेखाकार के माध्यम से जमा कराने की मांग की गई।



विधायक को ज्ञापन सौंपते रोजगार सेवक। ● अमृत विचार

- **बड़ी संख्या में मौजूद रहे रोजगार सेवक, उठाई मांगें**

इस मौके पर तिलक राम, पिंटू वर्मा, दुर्गेश कुमार, जसवंत, रायबहादुर, अखिलेश, हरिशंकर, राजेश कुमार मौर्या सहित बड़ी संख्या में रोजगार सेवक मौजूद रहे। विधायक ने समस्याओं को सुनकर आश्वासन दिया कि संबंधित मांगों को शासन स्तर तक पहुंचाया जाएगा और समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

परेशानी — सड़कों पर भरता है नालियों का गंदा पानी

# कुकरा ग्राम पंचायत में जल निकासी बदहाल

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** बांकेगंज ब्लॉक की कुकरा ग्राम पंचायत के मुख्य चौराहे से जटपुरा जाने वाले प्रमुख मार्ग पर जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण हालात दिन प्रतिदिन बदतर होते जा रहे हैं। नालियों की नियमित सफाई और रखरखाव के अभाव में पूरी तरह चोक हो चुकी हैं, जिससे गंदा, बदबूदार और प्रदूषित पानी सड़कों पर भर रहा है।

सड़क पर जलभराव के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि स्थानीय लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राहगीरों और क्षेत्रवासियों को मजबूरी में इस गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे संक्रमण फैलने का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस गंदे पानी के कारण मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक रोगों का खतरा मंडरा रहा है। क्षेत्र की जनता भय और असुविधा के बीच जीवन यापन करने को मजबूर है। कसबावासियों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। प्रशासन की इस लापरवाही से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से तत्काल नालियों की सफाई, जल निकासी की उचित व्यवस्था और नियमित निगरानी कराने की मांग की है।



कुकरा में जटपुरा रोड पर भरे पानी में निकलते बाइक सवार। ● अमृत विचार

- **जटपुरा रोड पर जलभराव से जनता परेशान**
- **गंदे पानी से होकर गुजरना लोगों की मजबूरी**

> मामला मेरे संज्ञान में है। आंधी और तेज हवा के कारण नालियों में पत्ते और झिल्लियां घुस जाती हैं, जिससे नाले, नालिया चोक हो जाते हैं। इसी वजह से खुद व खुद नालों का पानी रोड पर बहने लगता है। सफाई कर्मियों से नालों की तली झाड़ सफाई करवा दूंगी।
>
> –**रहनुमा चौधरी**, ग्राम प्रधान कुकरा।

## न्यूज ब्रीफ

### स्विफ्ट की टक्कर से युवक की मौत, दो गंभीर

बंडा, अमृत विचार : बंडा के गांव आलमपुर पिपरिया निवासी रामसेवक का पुत्र रजनीश वर्मा(20) गांव के साथियों सत्यपाल और राजाराम के साथ बाइक से बंडा के गांव सिंगापुर पनई में बरात में शामिल होने गया था। लौटते समय सोमवार देर रात महोलिया के पास उनकी बाइक में स्विफ्ट डिजायर ने टक्कर मार दी। हादसे में रजनीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही रजनीश के परिजन मौके पर पहुंच गए। मां विमला देवी, बहन श्वेता और भाई विपिन का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने बताया कि जिस कार ने टक्कर मारी, वह तेज रफ्तार में कई लोगों को टक्कर मारते हुए भाग रही थी, जिसके बाद यह हादसा हुआ और कार भी खाई में जा गिरी।

### किशोरी की बाइक से टकराकर मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रोजा थाना क्षेत्र के गांव सिसौआ निवासी मनोज कुमार की 15 वर्षीया पुत्री सपना देवी सोमवार की दोपहर बाद गांव के बाहर कंडे पाथने के लिए गई थी। वह शाम छह बजे घर आ रही थी। रास्ते में बाइक ने उसे टक्कर मारकर घायल कर दिया था। घायल किशोरी को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस अज्ञात बाइक सवार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# हेलमेट-सीटबेल्ट, ओवरस्पीडिंग की निगरानी स्कूल वाहनों की फिटनेस पर जीरो टॉलरेंस



बैठक को संबोधित करते डीएम अंजनी कुमार सिंह। ● अमृत विचार


युवा फेलो आराध्य शुक्ला व शिवांशु श्रीवास्तव को सम्मानित करते डीएम-सीडीओ। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

अमृत विचारः सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने, यातायात नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक का संयोजन, संचालन पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड (तृतीय) के अधिशाषी अभियंता अनिल कुमार यादव और एआरटीओ शांति भूषण पांडे ने संयुक्त रूप से किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने जिले में घटित दुर्घटनाओ का विश्लेषण करते हुए नए ब्लैक स्पॉट एवं बनरेबल लोकेशन चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र सीटबेल्ट, हेलमेट और ओवर स्पीडिंग की नियमित निगरानी करने पर ज़ोर दिया। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर चालान किए जाएंगे। उन्होंने दो टूक कहा कि स्कूली वाहन मानकों के अनुरूप ही सड़कों पर उतरें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जिले में जहां पर घुमावदार स्थान तथा ब्लाइंड स्पॉट है, वहां से सौ मीटर पूर्व में साइनेज लगाने के दिशा निर्देश दिया। एआरटीओ ने प्रवर्तन, अवैध अतिक्रमण पर की गई कार्यवाहिया बताई।

बैठक में डीएम ने जनपद में घटित दुर्घटनाओं का विश्लेषण, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (वनरेबल लोकेशन), स्कूली वाहनों के मानकों अनुरूप होने पर ही संचालन की अनुमति दी जानी चाहिए। बैठक में एएसपी पवन गौतम, तरुणेन्द्र त्रिपाठी, एआरएम रोडवेज लखीमपुर/गोला, जिला विद्यालय निरीक्षक, बीएसए, शुगर मिल के प्रतिनिधि, सहित जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

### जिला उद्योग बंधु की बैठक में युवा फेलो सम्मानित

लखीमपुर खीरी। उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के समाधान को अटल सभागार में डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक हुई। बैठक में डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों, व्यापारियों, निर्यातकों की जायज समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से किया जाए। डीएम ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उद्यमियों के लिए हमारा कार्यालय हमेशा खुला है। उद्यमी सीधे उनसे अपनी समस्या बता सकते हैं। बैठक में व्यापारियों ने शहर के इंडस्ट्रियल लाइन में ट्रिपिंग और ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति न मिलने की समस्या उठाई। इस पर डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त (उद्योग) रूपेश कुमार आनंद ने गत बैठक में हुए निर्णयों के अनुपालन और जनपद में निवेश की स्थिति की जानकारी दी। पश्चात मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में उत्कृष्ट कार्य के लिए युवा फेलो आराध्य शुक्ला व शिवांशु श्रीवास्तव को डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। दोनों के योगदान से वित्तीय वर्ष 2025-26 में जनपद खीरी ने प्रदेश में पांचवां स्थान हासिल किया।

# कुएं-बाग का अनोखा विवाह संस्कार, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

संवाददाता, फूलबेहड़


विवाह के लिए सजाया गया कुआं।

अमृत विचारः गायत्री परिवार द्वारा फूलबेहड़ ब्लॉक के काशीरामपुरवा गांव में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ कुएं और बाग का प्रतीकात्मक विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। इस अनूठे आयोजन के माध्यम से घटते और सूखते जल स्रोतों तथा निरंतर कटते बागों के संरक्षण-संवर्धन के साथ प्रकृति प्रेम का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बड़ी संख्या में भागीदारी की। आयोजन गायत्री परिवार के जिला समन्वयक राम खेलावन निषाद की टोली द्वारा संपन्न कराया गया। ब्लॉक समन्वयक कृष्णाकांत शुक्ला ने बताया कि चार दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में नव-निर्मित शिव मंदिर में शिव परिवार की स्थापना की गई। इसके बाद सामूहिक पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ कुएं और आम के बाग का विवाह संस्कार कराया गया। दोपहर दो बजे दंपत्ति सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें क्षेत्र के 51 दंपत्तियों ने प्रतिभाग कर अपने वैवाहिक जीवन के उद्देश्यों और मूल्यों को पुनः स्मरण किया। शाम को दीप महायज्ञ का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक श्रीराम वर्मा ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर उदय सिंह, यज्ञदेव वर्मा आदि मौजूद रहे।


कुआं और बाग के विवाह संस्कार में शामिल गायत्री परिजन। ● अमृत विचार

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, शाहजहांपुर/सिंधौली


पुलिस हिरासत में आरोपी।

अमृत विचार : बिजली का तार पकड़कर युवती के आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने दूसरे संप्रदाय के आरोपी युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया।

सिंधौली के एक गांव के व्यक्ति ने थाने में दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह 10 बजे 19 वर्षीया पुत्री ने बिजली का तार पकड़कर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने आरोपी शान मोहम्मद निवासी मूड़िया हारिस थाना सिंधौली और पप्पू निवासी मुड़िया मोड़ थाना सिंधौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। आरोपी शान मोहम्मद युवती के घर पर आना-जाना था। युवती के पिता कारपेंटर का काम करते है। आरोपी का उसकी पुत्री से संपर्क हो गया था। परिजनों ने इसका विरोध किया था। उसने पुत्री का सामूहिक विवाह समारोह 2025 में करा दिया था। उसकी बेटी ससुराल नही गई थी। आरोपी शान मोहम्मद शादी के लिए दबाव बनाने लगा। पुत्री के मना करने पर आत्महत्या के लिए प्रेरित किया इसलिए उसने बिजली का तार पकड़कर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में मिला महिला का शव

संवाददाता, लखीमपुर खीरी/फूलबहेड़

- सोमवार सुबह घर से खेत पर गई थी महिला
- केले के खेत में अस्त-व्यस्त पड़ा था शव


घटना स्थल पर जांच करती पुलिस व लगी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

अमृत विचारः कोतवाली सदर क्षेत्र के गांव ज्ञानपुर निवासी गुड़िया देवी (55) पत्नी स्वर्गीय हरिओम मिश्रा का शव मंगलवार सुबह उनके ही खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ। शव अस्त व्यस्त होने के कारण इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गुड़िया देवी का खेत पलिया हाईवे किनारे स्थित है, जहां वह झोपड़ी डालकर रखवाली करती थीं। करीब एक माह पहले उनकी झोपड़ी आग में जल गई थी, जिसके बाद वह रस्सी और पन्नी के सहारे अस्थायी दुकान लगाकर पान मसाला, बीड़ी, सिगरेट और बिस्कुट आदि बेचकर गुजर-बसर कर रही थीं। महिला के पुत्र ऋषिकांत मिश्रा ने बताया कि सोमवार को वह रोज की तरह घर से खेत पर गई थीं, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटीं।

परिजनों ने आशंका जताई कि वह अपनी बहन के गांव सिसौरा चली गई होंगी, इसलिए खोजबीन नहीं की गई। मंगलवार सुबह जब परिजन खेत पहुंचे तो केले के पेड़ों के नीचे महिला का शव अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा मिला। यह देख परिजनों के होश उड़ गए और मौके पर ग्रा मीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर सीओ सिटी विवेक तिवारी, शहर कोतवाल राजेश कुमार और चौकी प्रभारी आदित्य कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर कोतवाल के मुताबिक महिला के शरीर पर किसी प्रकार की स्पष्ट चोट या खरोंच के निशान नहीं मिले हैं और अब तक किसी पर आरोप भी नहीं लगाया गया है।

प्रारंभिक जांच में महिला के शराब सेवन की बात भी सामने आई है। फिलहाल घटना को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### नशेड़ियों ने युवक के सिर में मारी कुल्हाड़ी

खुटार, अमृत विचार : गांव कैहमारिया निवासी आशीष कुमार ने तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात खाना खाने के बाद दरवाजे पर बैठा था। गांव के ही पप्पू, मोहित व राजेश नशे में धुत होकर उसके दरवाजे पर आए और गालियां देने लगे। जिस पर पीड़ित युवक ने गाली गलौज का विरोध करते हुए उन्हें अपने घर जाने के लिए कहा। जिस पर आरोपी पप्पू, मोहित व राजेश ने आशीष के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया।

# प्रेमी व उसके साथी संग मिलकर की पति की हत्या

संवाददाता, मितौली

- गणेश त्रिपाठी हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा
- पत्नी, प्रेमी और सहयोगी गिरफ्तार, तमंचा-बाइक बरामद


पुलिस गिरफ्तार में गणेश हत्याकांड के आरोपी। ● अमृत विचार

अमृत विचारः थाना क्षेत्र के ग्राम निमचैना में हुए गणेश त्रिपाठी हत्याकांड की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि हत्या की साजिश रचने वाली कोई और नहीं, बल्कि मृतक की पत्नी संध्या देवी ही निकली। उसने अपने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने 12 दिन बाद इस सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा करते हुए आरोपी पत्नी, प्रेमी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

घटना 16 अप्रैल की है, जब ग्राम निमचैना निवासी गणेश तेल परिवाकर घर लौट रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसे रोककर तमंचे से गोली मार दी गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सीओ यदुवेन्द्र ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए तीन पुलिस टीमों के साथ स्वाट टीम को भी लगाया गया था।

जांच के दौरान मृतक की पत्नी संध्या देवी संदिग्ध पाई गई। पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर सामने आया कि संध्या का प्रेम प्रसंग हरदोई जिले के थाना मंझिला के गांव पारा निवासी पुरुषोत्तम बाजपेई काफी समय से चल रहा था। पुलिस के अनुसार गणेश इस संबंध में बाधा बन रहा था, इसलिए संध्या ने अपने प्रेमी पुरुषोत्तम और उसके साथी प्रवेश कुमार निवासी चांदपुर थाना रामपुर कला जनपद सीतापुर के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

वारदात वाले दिन भी संध्या लगातार मोबाइल से अपने प्रेमी के संपर्क में थी और उसी की सूचना पर गणेश त्रिपाठी को रास्ते में रोककर गोली मार दी गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा, कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोबाइल और एक स्पलेंडर बाइक बरामद की है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी पुरुषोत्तम बाजपेई शातिर अपराधी है, जिस पर पहले से हत्या और गैंगस्टर एक्ट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं।

वहीं, प्रवेश कुमार पर भी दहेज हत्या का मामला दर्ज है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से अदालत ने तीनों को जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### शादी से पहले से चल रहा था प्रेम-प्रसंग

सीओ यदुवेंद्र के अनुसार गणेश की शादी करीब 10 वर्ष पहले हरदोई निवासी संध्या से हुई थी। शादी से पहले ही संध्या का प्रेम प्रसंग पड़ोसी गांव पारा नई निवासी पुरुषोत्तम वाजपेयी से चल रहा था, जो शादी के बाद भी जारी रहा। गणेश के बीच में आने पर दोनों ने मिलकर उसे रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को मारी टक्कर, दोस्तों की मौत

संवाददाता, शाहजहांपुर/कांट

अमृत विचार : रसूलापुर गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार दो दोस्त घायल हो गए। पुलिस ने दोनों घायलों को मेडिकल कालेज भेज दिया। जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों शादी में वीडियोग्राफी करते थे।

कांट थाना क्षेत्र के गांव नारायन निवासी विकास(21) और गांव का ही उसका दोस्त विश्वदीप(20) मंगलवार को शाहजहांपुर मोबाइल खरीदने के लिए बाइक से गए थे। दोनों दोस्त दोपहर एक बजे बाइक से मोबाइल खरीदकर शहर से कांट लौट रहे थे। कांट रोड पर पिपरौला गांव के सामने ट्रैक्टर-ट्राली ने साइड बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार विकास और उसका दोस्त विश्वदीप सड़क के किनारे गिर गए और घायल हो गए। चालक ट्रैक्टर लेकर भाग गए। सूचना पर पुलिस और परिवार वाले मौके पर पहुंच गए। परिवार वाले दोनों घायलों को मेडिकल कालेज ले गए। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

मृतक विकास के भाई अनिल ने बताया कि दोनों फोटोग्राफी का काम करते थे। विश्वदीप की शादी एक साल पहले हुई थी। उसकी पत्नी कीर्ति का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक कौशल तीन भाइयों में सबसे छोटा था और आईटीआई कर रखी थी।

# मनमानी से आहत, मंडी में जलाई फसल

- आरएफसी-2 केंद्र पर आधा गेहूं तौलकर बाकी को मिट्टी युक्त बताकर खरीद से किया इनकार
- प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद तौल हुआ गेहूं, किसान यूनियन ने जताई नाराजगी

संवाददाता, पुवायां


मंडी परिसर में फसल को प्रतीकात्मक रूप से जलाकर विरोध जताते किसान।

अमृत विचार : सरकारी क्रय केंद्रों की कार्यप्रणाली पर उस समय सवाल खड़े हो गए जब क्षेत्र के गांव छापाबोझी नरौठा निवासी किसान सुखप्रीत सिंह ने मंडी परिसर में गेहूं की फसल को प्रतीकात्मक रूप से जला दिया। किसान करीब 50 क्विंटल गेहूं लेकर मंडी स्थित क्रय केंद्र पर पहुंचे थे। आरोप है कि आरएफसी-2 नंबर केंद्र पर कर्मचारियों ने पहले आधा गेहूं तौल लिया, लेकिन शेष फसल को मट्टी युक्त बताकर खरीदने से इनकार कर लौटने के लिए कह दिया।

केंद्र संचालक की कार्यप्रणाली से नाराज किसान ने फसल वापस ले जाने के बजाय मंडी परिसर में ही पेट्रोल डालकर फसल को प्रतीकात्मक रूप से आग के हवाले कर दिया, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभाला। अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद किसान का गेहूं तौलवाया गया, जिससे मामला शांत हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन राजनैतिक के पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और क्रय केंद्र संचालक की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि केंद्रों पर किसानों के साथ भेदभाव और मनमानी की जा रही है, जिससे किसान ऐसे कदम उठाने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि समय रहते प्रशासन ने हस्तक्षेप न किया होता तो बड़ा नुकसान हो सकता था। उन्होंने क्रय केंद्रों पर पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करने की मांग की है। इस दौरान किसान नेता संदीप सिंह सहित अन्य किसान मौजूद रहे। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी खरीद व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है।

# एक हेक्टेयर पर 7 बोरी यूरिया और 5 बोरी डीएपी तय

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- खाद के अंधाधुंध उपयोग जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के शासन के निर्देश




अमृत विचारः जिले में पेट्रोल-डीजल की समस्या के बीच अब खाद वितरण को लेकर भी प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। रासायनिक खाद के अंधाधुंध उपयोग, जमाखोरी और कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए शासन के निर्देश पर प्रति हेक्टेयर खाद की अधिकतम सीमा तय कर दी गई है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।

नए आदेश के अनुसार, किसी भी किसान को एक हेक्टेयर भूमि के लिए एक सीजन में अधिकतम सात बोरी यूरिया और पांच बोरी डीएपी ही दी जाएगी। कृषि विभाग ने सभी सहकारी समितियों और निजी विक्रेताओं को इस आदेश का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही बिक्री का रिकॉर्ड रखने और किसानों के विवरण दर्ज करने की व्यवस्था भी सख्त की जा रही है।

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ ही खाद की मांग तेजी से बढ़ने लगती है। ऐसे में हर साल पीक सीजन के दौरान खाद की कमी और वितरण केंद्रों पर हंगामे की स्थिति बनती रही है। हालांकि इस बार शुरुआती दौर में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने और लिमिट तय होने से हालात नियंत्रित बताए जा रहे हैं।

विभागीय अधिकारियों का कहना है कि पिछले सीजन में कई किसानों द्वारा जरूरत से ज्यादा खाद खरीदकर स्टॉक कर लेने की शिकायतें सामने आई थीं।

इससे छोटे और सीमांत किसानों को समय पर खाद नहीं मिल पाती थी और उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता था। इसके अलावा, विशेषज्ञों के अनुसार रासायनिक खाद का अत्यधिक उपयोग मिट्टी की उर्वरता को नुकसान पहुंचाता है और फसल की गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल असर डालता है। प्रशासन का मानना है कि नई व्यवस्था से न केवल खाद का संतुलित उपयोग सुनिश्चित होगा, बल्कि सभी किसानों को समान रूप से उपलब्धता भी मिल सकेगी। साथ ही कालाबाजारी और ओवररेटिंग जैसी समस्याओं पर भी अंकुश लगेगा। अधिकारियों ने किसानों से अपील की है कि वे निर्धारित सीमा के भीतर ही खाद का उपयोग करें और किसी भी प्रकार की अनियमितता की सूचना तुरंत विभाग को दें।

> अब एक हेक्टेयर में सात बोरी यूरिया व पांच बोरी डीएपी दी जाएगी। बिना खसरा-खतौनी किसी को भी खाद नहीं दी जाएगी। खाद का वितरण बॉयोमेट्रिक से किया जाएगा, ताकि गड़बड़ी की गुंजाइश न रहे।
>
> -सूर्य प्रताप शाही, जिला कृषि अधिकारी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

NOTICE
All concerned are hereby informed that my father's name has been incorrectly recorded as pradeep kumar in my high school certificate (2010-2012, roll number 5127271). However my father's correct name is pradeep kumar Maheshwari. Therefore it is requested that the correct name to be updated accordingly. In future he should be known and identified by this correct name. **Nikhil Maheshwari s/o pradeep kumar Maheshwari, resident:- 722 janakpuri Bareilly**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता का नाम हाई स्कूल (2010-2012, रोल नंबर 5127271) के प्रमाण पत्र में प्रदीप कुमार अंकित होगया है। जबकि मेरे पिता का सही नाम प्रदीप कुमार महेश्वरी है। उक्त सही नाम को संशोधित किया जाए। भविष्य में इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। **निखिल माहेश्वरी पुत्र श्री प्रदीप कुमार महेश्वरी निवासी- 722 जनकपुरी, बरेली**

सूचना
मेरी पुत्री का नाम अवनी AVANI लिख गया है जो कि गलत है सही नाम अवनी AVNI है तथा जन्मतिथि 30/10/2012 लिख गई है जो की गलत है सही जन्मतिथि 30/10/2013 है भविष्य में इसको AVNI नाम ओर जन्मतिथि 30/10/13 पढ़ा जाये। अविनाश चंद्र मिश्रा, फतेहपुर रेती शाहजहांपुर

आवश्यकता है
दुकान पर काम करने हेतु लड़कों की
सम्पर्क करें
कंपटीशन बुक हाउस
कॉलेज बुक हाउस
5, 6, 7 न्यू कॉलेज रोड मार्केट, बरेली

BIMT
BADAUN INSTITUTE OF MANAGEMENT & TECHNOLOGY
(Affiliated to M.J.P. Rohilkhand University, Bareilly)
REQUIRED
Candidates for B.Ed. Course

| | |
|---|---|
| 1- Principal/HOD | 01 |
| 2- Perspectives in Education | 01 |
| 3- Pedagogy Subject (Math, Science, Social Science, Language) | 03 |
| 4- Health and Physical Education | 01 |
| 5- Fine Art | 01 |
| 6- Performing Arts (Music/Dance) | 01 |

Qualification/Experience as per NCTE/UGC Norms.
Submit your Resume within 07 Days in the BIMT.
Campus: Kakrala road, near Mandi Samiti, Badaun (U.P.)
E-mail: bimtbudaun@gmail.com
Contact: 9897777709, 9897777797

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

